जबलपुर

सोमवार 23 फरवरी 2026

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-06
वर्ष : 20, अंक : 295
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







## खबर संक्षेप

### पिपरिया-छिंदवाड़ा मार्ग पर बस दुर्घटनाग्रस्त ,15 घायल

**पिपरिया।** रविवार को पिपरिया से छिंदवाड़ा जा रही महाकाल बस झिरपा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्टेयरिंग फंसने के



कारण बस अनियंत्रित होकर रानीखेड़ा के पास एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस चालक और कंडक्टर सहित करीब 15 लोग घायल हो गए।

### टी-20 वर्ल्डकप में भारत की सबसे बड़ी हार

अहमदाबाद। साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया; सेमीफाइनल खेलने के लिए अब बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। साउथ अफ्रीका के आगे सूरमा बल्लेबाजों ने घुटने टेके, भारत की 76 रनों की बड़ी हार से सेमीफाइनल का गेम पलटा अफ्रीका ने तीसरे सुपर-8 मैच में 76 रन के अंतर से हराया है। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की जीत का सिलसिल भी थम गया है। (देखे खेल पेज 13 भी)

### रायसेन-उज्जैन में प्रेमी जोड़े ने एक साथ की आत्महत्या



**रायसेन।** प्रेम प्रसंग के चलते एक प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या कर ली। युवती ने रायसेन के उदयपुरा में फांसी लगाई। वहीं,युवक उज्जैन जिले के पवासा थाना क्षेत्र में उसी समय फांसी पर लटककर खुदकुशी कर ली। रविवार को पता चला कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका थे।

## भारत-यूएस ट्रेड डील पर ब्रेक: ट्रंप के नए टैरिफ और कोर्ट के फैसले ने फंसाया पेंच!

# ट्रेड डील पर फिलहाल 'वेट एंड वॉच', टैरिफ के नए गणित को सुलझाने में जुटे भारत-अमेरिका

*अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। फिर ट्रंप ने दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत और वॉशिंगटन ने अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट पर होने वाली बैठक को रीशेड्यूल करने का फैसला किया है। इसके चलते फिलहाल आज यानी सोमवार 23 से 26 फरवरी तक वॉशिंगटन में होने वाली बैठक को टाल दिया गया है। अब दोनों पक्ष अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के असर पर गहराई से गौर कर सकेंगे। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं। अब दोनों देशों ने इस बैठक को बाद में करने का फैसला किया है। बता दें कि दरअसल समझौते में भारत को 18% टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। जिसके बाद ट्रंप ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रंप का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी।

अगले महीने होने थे ट्रेड डील पर हस्ताक्षर आपसी सहमति से टाली गई बैठक



एआई फोटो

दोनों पक्षों ने तय किया कि बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी

### डील से भारत को मिलेंगे 7 प्रमुख फायदे

1. **अमेरिकी टैरिफ में कमी:** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।
2. **चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ:** जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।
3. **30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच:** भारतीय एमएसएमई, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश।
4. **निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावा:** टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर।
5. **सेक्शन 232 छूट:** विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी।
6. **ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटा:** कुछ ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका में विशेष पहुंच मिलेगी।
7. **जेनेरिक दवाओं पर बेहतर शर्तें:** भारतीय जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ और नियामक नियमों में सुधार।

### टैरिफ बदलाव से भारत अमेरिकी ट्रेड डील संकट में

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति बन गई थी और इसे लेकर फ्रेमवर्क जारी हो चुका है। दोनों देशों ने कहा था कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई।

### भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर सुरक्षित रखे थे

भारत और अमेरिका के बीच कृषि और डेयरी सेक्टर के कारण ट्रेड डील रुका हुआ था। हालांकि, फरवरी में जारी फ्रेमवर्क में भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह सुरक्षित रखा। मंत्री पीयूष गोयल ने बताया था कि भारत ने मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा का किया अनावरण, मिलीं कई सौगात

## महूगांव में 100 बिस्तरों का अस्पताल बनेगा, मिलेगा नगरपालिका का 'दर्जा'

महू विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन


सीएम को हल भेंटकर अभिनंदन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मप्र सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में क्षेत्र में और तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जनजातीय नायक टंट्या मामा के सम्मान में किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया ।

### प्रदेश में चहुंओर तेज गति से विकास हो रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चहुंओर तेज गति से विकास हो रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास से ही हम मप्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाते हुए

## 'नमो भारत रैपिड रेल' के फुल स्ट्रेच को पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

दिल्ली से मेरठ 82 किमी का सफर अब महज 55 मिनट में पूरा होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के फुल स्ट्रेच और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कर दिया। दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर का सफर अब महज 55 मिनट में पूरा होगा। इसे भारत की सबसे तेज सेमी-हाई स्पीड रीजनल रैपिड ट्रेन कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद उसमें सफर भी किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों से बातचीत की।

### यह है खासियत

नमो भारत कॉरिडोर की खास बात यह है कि इसमें लगभग 70 किमी हिस्सा एलिवेटेड है। जबकि करीब 12 किलोमीटर हिस्सा अंडरग्राउंड है। नमो भारत स्टेशनों का निर्माण मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन के तहत किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को अन्य परिवहन साधनों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

## एनएच-45 पर रेल ओवरब्रिज ढहा, बड़ा हादसा टला

रेल ओवरब्रिज महज कुछ वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हुआ था



### जबलपुर-भोपाल आवागमन पूरी तरह बंद

*जबलपुर। जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शहपुरा-भिटोनी के पास स्थित रेल ओवरब्रिज अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के बाद तत्काल प्रभाव से मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है।* *(विस्तृत देखें मैटों पेज 14 पर भी)*

### आधा दर्जन वाहन हुए क्षतिग्रस्त, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शहर के ओमती थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार और नशे में धुत एक कार चालक ने जमकर उत्पात मचाया। इनकम टैक्स चौक के पास हुई इस घटना में एक पुलिसकर्मी सहित पांच लोग घायल हो गए, जबकि करीब आधा दर्जन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार करते हुए कार को भी जब्त कर लिया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार करीब 40 फीट दूर घूमते हुए सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची। इसके बाद अनियंत्रित कार ने वहां खड़ी अन्य गाड़ियों को भी टक्कर मार दी।

### 135 ग्राम सोना निगलकर आया, अहमदाबाद में पकड़ाया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद कस्टम्स विभाग ने अबू धाबी से आए एक यात्री को पकड़ा। इसने 24 कैरेट का 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। अस्पताल में मलत्याग के जरिए गोल्ड निकलवाया गया। जब्त किए गए सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 21.89 लाख रुपए आंकी गई है। अहमदाबाद कस्टम्स विभाग द्वारा जारी बयान में बताया गया कि 19 फरवरी को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अबू धाबी से आने वाले शाहरुख नाम के पैसेंजर को रोका गया था।

गेमिंग साम्राज्य के दिग्गज फिल स्पेंसर की जगह लेंगी

## भारतीय मूल की आशा शर्मा बनीं माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की नई सीईओ

एक्सबॉक्स को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के गेमिंग साम्राज्य में एक बड़े युग का अंत और एक नई शुरुआत हुई है। 40 वर्षों तक कंपनी को अपनी सेवाएं देने वाले फिल स्पेंसर अब रिटायर हो रहे हैं। उनकी जगह अब भारतीय मूल की आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की कमान संभालेंगी। आशा अब सीधे कंपनी के सीईओ सत्य नडेला को रिपोर्ट करेंगी।


आशा शर्मा

आशा शर्मा कोई नया नाम नहीं हैं। इससे पहले वे माइक्रोसॉफ्ट में ही एआई प्लेटफॉर्म और प्रोडक्ट लीडरशिप टीम का अहम हिस्सा रही हैं। उनके पास मेटा और मशहूर डिलीवरी कंपनी इंस्टाकार्ट में बड़े पदों पर काम करने का शानदार अनुभव है। उन्हें मुश्किल वक्त में टीम को लीड करने और बिजनेस को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक्सपर्ट माना जाता है। पदभार संभालते ही आशा ने अपनी टीम को पहला आधिकारिक संदेश भेजा है, जिसमें उन्होंने गेमिंग के भविष्य को लेकर बड़े वादे किए हैं। आशा का मानना है कि खिलाड़ियों को वही पसंद आता है जो दिल को छू जाए। उन्होंने स्टूडियोज को ज्यादा ताकत देने और बड़े ब्रांड्स में निवेश करने की बात कही है। इसी सिलसिले में उन्होंने मैट बूटी को प्रमोट कर 'चीफ कंटेंट ऑफिसर' बनाया है। अब गेमिंग सिर्फ कंसोल तक सीमित नहीं रहेगी।

### लिव-इन में रह रही पुलिस अधिकारी की 19 साल की बेटी से हुई दरिंदगी

आशंका है कि भविष्य में पीड़िता न मां बन पाएगी और न ही चल पाएगी

## पार्टनर ने जमकर पीटा, सैनिटाइजर डालकर प्राइवेट पार्ट में लगा दी आग, यूरिन भी पिलाया

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम


हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टॉर्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है। आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था।



ऑनलाइन एप से दोस्ती कर दिया शादी का झांसा, दोनों गुरुग्राम के होस्टल में लिव इन में रह रहे थे, आरोपी चरित्र पर शक करता था

### न्यूड वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि शिवम ने लिव-इन पार्टनर के पैरों पर चाकू से हमला किया। उसका न्यूड वीडियो रिकॉर्ड कर उसके साथ मारपीट की। उसके सिर पर स्टील की बोटल से हमला किया, सिर पकड़कर दीवार पर पटक दिया।

# डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं और साइबर सुरक्षा पर रहें सावधान

'मन की बात' में पीएम ने कई मुद्दों को सामने रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**131वें एपिसोड में किया देशवासियों से संवाद**

पीएम रेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देशवासियों से सीधे संवाद किया।कार्यक्रम के जरिए सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल मुद्दों पर नागरिकों को जागरूक किया। डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा के माध्यम से पीएम लोगों को सजग रहने और सुरक्षित वित्तीय व्यवहार अपनाने की दिशा में सचेत रहने को कहा। इसमें डिजिटल दुनिया में सुरक्षा और जागरूकता की अहमियत को रेखांकित किया गया।



### केवाईसी आपकी सुरक्षा करेगी

साइबर सुरक्षा पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड और अरेस्ट की घटनाएं समाज में बनी हुई हैं। लोग कभी-कभी फोन या मैसेज के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवाईसी सिर्फ बैंकिंग प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा का तरीका है।नागरिकों को सलाह दी कि वे केवल बैंक के अधिकारिक माध्यमों जैसे बैंक एप, शाखा या वेबसाइट से ही केवाईसी कराएं।

### त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल की अपील

प्रधानमंत्री ने योहारों को लेकर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली समेत कई त्योहारों में विदेशी सामान की भरमार हो गई है। ऐसे उत्पादों को त्योहारों से दूर रखकर स्वदेशी अपनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि जब लोग स्वदेशी खरीदते हैं, तो वे देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान को भी मजबूत करते हैं।

### परीक्षा को लेकर घबराएं नहीं

प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए कहा कि परीक्षा के समय मन में शंका आना स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी ने यह अनुभव किया है और छात्र अकेले नहीं हैं। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि किसी का मूल्य उसकी मार्कशीट से तय नहीं होता।

### अम्मा जयललिता जनसेवा की प्रतीक थीं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो नेता समाज के कल्याण के लिए काम करते हैं, वे हमेशा जनता के दिलों में बसे रहते हैं। उन्होंने अम्मा जयललिता को ऐसी ही लोकप्रिय नेता बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके नाम से ही तमिलनाडु के लोगों के चेहरे खिल उठते हैं। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सराहनीय कदम उठाए। प्रधानमंत्री ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एआई समिट ने जीता दुनिया का दिल

पीएम मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में एआई समिट में दो भारतीय उत्पादों ने विश्व नेताओं को खास तौर पर प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर प्रदर्शित किया गया, जहां बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से पशुओं के इलाज को बेहतर बनाया जा रहा है। एआई के जरिए किसान 24 घंटे अपनी डेयरी और पशुओं का रिकॉर्ड रख सकते हैं। दूसरा उत्पाद भारत की संस्कृति से जुड़ा था। इसमें दिखाया गया कि एआई तकनीक के माध्यम से प्राचीन ग्रंथों, पांडुलिपियों और पारंपरिक ज्ञान को सुरक्षित रखा जा रहा है। कई देशों के प्रतिनिधि आश्चर्यचकित रह गए। भारत की तकनीक ने दुनिया का दिल जीत लिया।

### केरल की 10 माह की अंगदाता शेरिन को किया याद

प्रधानमंत्री ने केरल की 10 महीने की अंगदाता एलिन शेरिन अब्राहम की कहानी भी साझा की। सड़क दुर्घटना में 13 फरवरी को डॉक्टरों ने बच्ची को ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। बाद में परिवार ने बच्ची के अंगदान का फैसला किया।

### राष्ट्रपति भवन में लगेगी राजगोपालाचारी की प्रतिमा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारत की संस्कृति से जुड़ी चीजों को महत्व देने लगा है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा। प्रतीमा लगेगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक बिस्वास वापस टीएमसी में गए

**कोलकाता।** बंगाल के बशीरहाट दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दीपेंदु बिस्वास ने रविवार को टीएमसी में फिर से वापसी कर ली। उनके साथ जिले के कई नेताओं ने भी सत्तारूढ़ दल का दामन थामा है। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष कादेर सरदार और बशीरहाट नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पार्थसारथी बसु भी शामिल हैं।



### रोटियों पर थूक, पुलिस ने होटल करवाया बंद

**अलीगढ़।** यहां रोटी पर थूक लगाकर बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला रोरावर क्षेत्र के तेलीपाड़ा इलाके का बताया जा रहा है। करीब छह-छह सेकंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी कारीगर को गिरफ्तार कर लिया है।



### असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन भाजपा में

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने रविवार को भाजपा ज्वाइन कर ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में भूपेन कुमार बोरा सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय 'वाजपेयी भवन' में समारोह के दौरान बोरा अब भाजपा के सदस्य बन गए।



### 60 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट', 3 करोड़ ठगे

**देहरादून।** साइबर ठगों ने 60 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' करके 70 साल की महिला से 3 करोड़ की ठगी कर ली। जालसाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। इसके बाद पीड़ित महिला को वीडियो कॉल पर घंटों धमकाया। गिरफ्तारी कहकर करोड़ों ट्रांसफर करवा लिए।



## प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से कांग्रेस की रीति-नीति पर उठाए सवाल

# वह पूर्व से ही नग्न, कपड़े उतारने की क्या जरूरत? समिट पर गंदी राजनीति कर रही

### अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती-भटकती नहीं



**एआई समिट पर कांग्रेस की राजनीति को कोसा**

एजेंसी ▶▶ मेरठ

पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। एआई समिट में दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी नंगी और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी? महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना की हिम्मत दिखाई है।

> महिला सांसदों को राशि भेजकर सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते



मेरठ में लोगों को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

### पहले शाम होते ही यहां पूरे रूट में छा जाता था सन्नाटा

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यहां शाम होते ही यहां पूरे रूट में सन्नाटा छा जाता था। यहां डर और भय का माहौल होता था। अब एक तरफ कानून व्यवस्था भी सुधरी है और दूसरी तरफ लोगों को सुविधापूर्ण और सुरक्षित यात्रा का भी माध्यम मिला है। मुझे खुशी है कि नमो भारत रैपिड रेल। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक भी बनी है। इसमें ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोल स्टाफ... ऐसे अधिकतर काम में हमारी बेटियां ही कार्यरत हैं, बेटियां ही नेतृत्व कर रही हैं।

### आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने को उत्सुक

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के अनेक विकसित देश आज भारत के साथ व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। क्योंकि उनको भारत के विकास में अपना भविष्य दिखता है। उनको भारत की युवाशक्ति में उम्मीद दिखती है। आज दुनिया को लगता है कि भारत वो ताकत है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान दे।

### ये भाजपा का समारोह नहीं देश का कार्यक्रम था

पीएम मोदी ने कहा कि एआई समिट ये भाजपा का समारोह नहीं था, ये देश का कार्यक्रम था, देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस ने परसों सारी मर्यादाएं तोड़ दी। आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए। इतनी पुरानी पार्टी के नेता लाजने के बजाय बेशर्मी के साथ बोलते हैं।

### देश की सबसे पुरानी पार्टी दिवालिया, दरिद्र हो गई

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने वहां जो कुछ किया वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस ने नेताओं ने जो कुछ किया वह दिखाता है देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है।
**अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं :** पीएम मोदी ने काह कि हमारी कार्य संस्कृति है कि जिस काम का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए। इसलिए अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं है।

### अब कांग्रेस देश के लिए बोझ बनी

पीएम ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो? कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। एक बात से मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

## पित्रोदा के बयान पर भड़की भाजपा

# 'लश्कर-ए-कांग्रेस' के सैम ने झूठ बोल देश का मजाक उड़ाया

### पूनावाला ने कहा- देश को बदनाम कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 'लश्कर ए कांग्रेस' के मुख्य सलाहकार ने एक बार फिर से झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाने की कोशिश की है। एआई समिट में कांग्रेस के टॉपलेस ऐक्ट के बाद लश्कर-ए-कांग्रेस के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा मैदान में हैं। एक एक बार फिर भारत को बदनाम करने के एजेंडे पर चले हैं। सैम झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं कि भारत पर शर्म आती है कि उसने मोबाइल के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम तक विकसित नहीं किया है। उन्होंने पित्रोदा की टिप्पणियों का खंडन करते हुए भारत में विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र मिशन झूठ बोलकर भारत को बदनाम करना है।

**ये बोले पित्रोदा**

### दूसरों की सेवा के लिए हैं भारतीय



भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुखपित्रोदा ने एक बार फिर से एक बयान के जरिए पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सैम ने दावा किया कि भारत ने दूसरों की सेवा के लिए युवाओं की बड़ी फौज को खड़ा किया है।यह दिशियों के लिए काम करती है। सैम ने टेक्नोलॉजी निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक 1.5 अरब आबादी वाले देश के लिए यह शर्म की बात है कि उनके पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम तक नहीं है। इसी टिप्पणी पर भाजपा ने हमला बोला।

### खोजों का लाभ उठाने में दिल्ली असमर्थ

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सैम ने विदेशी कंपनियों में भारतीयों की संख्या जिक्र करते हुए अपनी बात को रखा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शिक्षा संस्थाओं के जरिए युवा प्रतिभा का एक बड़ा आधार तैयार किया है, लेकिन भारत में ही नई खोजों के लिए इसका लाभ उठाने में नई दिल्ली पूरी तरह से असमर्थ रही है। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सारी युवा प्रतिभा का निर्माण किया है, लेकिन यह अपरिपक्व है। इस प्रतिभा ने भारत का नहीं बल्कि दुनिया की तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोग्रामिंग, कानून, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, इनोवेशन, बैंकिंग में मदद की है। इस प्रतिभा के दम पर भारत ने वैश्विक स्तर के प्रोडक्ट्स नहीं बनाए, बल्कि इस प्रतिभा का इस्तेमाल दूसरे की सेवा के लिए किया।

## सीबीएसई फिजिक्स परीक्षा पर उठा विवाद

# परीक्षा के अलग- अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया

शिक्षक ने बोर्ड के खिलाफ जनहित याचिका दायर की

एजेंसी ▶▶ दनई दिल्ली

'शभर में बोर्ड परीक्षाओं के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है जिसने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। शिक्षक प्रशांत किराड ने सीबीएसई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है। आरोप है कि परीक्षा के अलग अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया, जिससे छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ और उनके अंक उनकी मेहनत से ज्यादा किस्मत पर निर्भर हो गए। शिक्षक का कहना है कि कुछ विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत आसान प्रश्नपत्र मिले, जबकि अन्य को ऐसे प्रश्न हल करने पड़े जिनका स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसा बताया जा रहा है। इससे छात्रों में असमानता की भावना पैदा हुई है और पूरे परीक्षा तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं।



### क्या है पूरा मामला

दायर की गई जनहित याचिका में कहा गया है कि वर्षों से बोर्ड अलग अलग प्रश्नपत्र तैयार करता रहा है ताकि नकल जैसी समस्याओं पर रोक लगाई जा सके। लेकिन इस बार प्रश्नपत्रों के बीच कठिनाई का अंतर असामान्य रूप से ज्यादा बताया जा रहा है। आरोप है कि कुछ प्रश्नपत्र सीधे और कोर्स आधारित थे, जबकि अन्य में अवधारणात्मक और गहराई वाले प्रश्न अधिक थे, जिनके लिए अतिरिक्त तैयारी की जरूरत पड़ी।

### नड्डा ने टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को किया लॉन्च



**सोलन।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को केंद्रीय अनुसंधान केंद्र में टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को लॉन्च किया। उन्होंने टीडी वैक्सीन के 15 लाख डोज को बाजार में उतारने के लिए हरी झंडी दिखाई। वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। सीआरआई कसौली कर्मचारी यूनियन के नेता मांगों को भी स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा।

## खाटू श्याम पद यात्रा



**जयपुर।** रविवार को श्रध्दालु वार्षिक खाटू श्याम पद यात्रा पर निकल पड़े, जो जयपुर से सीकर तक पैदल मार्च है

## नौ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की सूची जारी

# देशभर में घटे 1.70 करोड़ मतदाता यहां संख्या 9.75 करोड़ ही रह गई

चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के छह राज्यों और कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम पूरा हो गया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिन्हें अयोग्य पाया गया। 9 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाताओं की संख्या मिलाकर 1 करोड़ 70 लाख से ज्यादा घट गई है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह हटाए गए मतदाताओं और नए जोड़े गए योग्य मतदाताओं



के अंतर के आधार पर नेट बदलाव है। गुजरात, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार द्वीप, गोवा और केरल समेत 9 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू होने से पहले मतदाताओं की संख्या लगभग 21.45 करोड़ थी।

### बंगाल में न्यायिक जांच आज से होगी शुरू

कोलकाता। बंगाल में चल रहे विशेष गहन निरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों की पूर्ण न्यायिक जांच सोमवार से शुरू हो जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त 150 सेशन जज, 250 न्यायिक अधिकारी इस व्यवस्था में लगाए गए हैं। प्रत्येक जिले में हाई कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। समिति में जिला जज, जिला मजिस्ट्रेट होंगे।

## सीएम सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया की लत पर जताई चिंता

# अब 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं चला पाएंगे मोबाइल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल फोन पर रोक लगाने पर विचार किया जा रहा है। इसके पीछे का कारण उन्होंने बताया कि बच्चों में सोशल मीडिया की लत बढ़ रही है और इसका उनके दिमाग पर असर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह प्रस्ताव चर्चा के दौर में है और राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से सलाह मांगी गई है कि क्या उनके परिसरों में नाबालिगों की मोबाइल फोन तक पहुंच को सीमित किया जाना चाहिए।



### विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मांगी सलाह



**स्वास्थ्य और व्यवहार पर बुरा असर पड़ रहा**

सिद्धारमैया ने कहा कि आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। आप सभी यहां कुलपति हैं, इसलिए मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। बच्चे ड्रग्स के शिकार हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों की तरह छात्रों में मोबाइल फोन पर रोक लगाने का विचार है। मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। हम इसे देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्रों में सोशल मीडिया की बढ़ती लत उनकी शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर बुरा असर डाल रही है।

**हितधारकों से राय ले रहा राज्यः प्रियंक**

इसके अलावा, कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य खासतौर से बच्चों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के उपायों पर हितधारकों से राय ले रहा है।

### गोवा और आंध्र सरकार भी कर रहे विचार

कर्नाटक के अलावा, गोवा सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच से रोकने पर विचार कर रही है। आंध्र प्रदेश में शिक्षा मंत्री नारा लोकेश ने भी संकेत दिया है कि सरकार नाबालिगों के सोशल मीडिया उपयोग पर कड़े नियंत्रण पर विचार कर रही है। उन्होंने ऑनलाइन उत्पीड़न और बच्चों के बढ़ने से ध्यान और पढ़ाई पर पड़ने वाले असर को बताया।

# ट्रंप ने ईरान पर हमले का फैसला कर लिया है, अल्टीमेटम महज दिखावा

पूर्व सीआईए अफसर जॉन किरियाकू ने दावा किया है कि अमेरिका ने अगले हफ्ते ईरान पर हमला करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दस दिन का अल्टीमेटम केवल ध्यान भटकाने के लिए है। इस सबके बीच अमेरिका ने युद्ध की आशंका के बीच अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है।

- अमेरिका ने अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा
- पक्का फैसला, बहुत जल्द होगा हमला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि अमेरिका ने अगले हफ्ते की शुरुआत में ईरान पर सैन्य हमला करने का पक्का फैसला कर लिया है। जूलियन डोरे पॉडकास्ट पर बात करते हुए किरियाकोउ ने बताया कि व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, प्रशासन की तरफ से दी गई समय सीमा के बावजूद हमला बहुत जल्द होने वाला है। किरियाकोउ ने कहा, 'मेरा एक दोस्त है जो सीआईए का पूर्व अफसर है। उसने रविवार सुबह व्हाइट हाउस में अपने दोस्तों से बात की। उसका कहना है कि सोमवार या मंगलवार को ईरान पर हमला करने का फैसला हो चुका है।

## पूर्व सीआईए अफसर जॉन किरियाकू का बड़ा दावा


जॉन किरियाकू



डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति

### दस दिन का समय सिर्फ ध्यान भटकाना है

किरियाकोउ ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल ईरान को एक प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए दस दिन का समय दिया था। इसमें ईरान को अपना बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम और यूरेनियम संवर्धन बंद करने के साथ-साथ हमास, हिजबुल्लाह और हूथी जैसे समूहों की मदद रोकने को कहा गया था। लेकिन किरियाकोउ का मानना है कि यह समय सीमा केवल ध्यान भटकाने की एक चाल है। उन्होंने कहा, वे आपको दस दिन देंगे, लेकिन दो दिन बाद ही हमला कर देंगे। उन्हें लगता है कि इससे दुश्मन का संतुलन बिगड़ जाता है।

### सैनिकों की सुरक्षा के लिए जगह बदली

हमले की तैयारी के संकेतों के बीच अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने सैनिकों को सुरक्षित जगहों पर भेजना शुरू कर दिया है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक कतर के अल उदीद बेस से सैकड़ों सैनिकों को दूसरी जगह भेजा गया है। बहरीन, इराक, सीरिया, कुवैत, सऊदी अरब, जॉर्डन और यूएई में भी अमेरिकी ठिकानों पर ऐसे ही बदलाव देखे गए हैं। अधिकारियों को डर है कि युद्ध होने पर वहां मौजूद 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक ईरान का मुख्य निशाना बन सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमले की स्थिति में इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी बेस और संपत्तियां उनका निशाना होंगी। इसे देखते हुए अमेरिका अपने एयर डिफेंस सिस्टम को शिफ्ट कर रहा है और एयरक्राफ्ट कैरियर को ईरान की पहुंच से दूर रख रहा है।

### ट्रंप की टीम में युद्ध को लेकर बंटवारा

*पूर्व सीआईए अफसर ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के अंदर इस हमले को लेकर दो गुट बन गए हैं। उन्होंने कहा, युद्ध विरोधी गुट में जेडी वेंस और तुलसी गबार्ड हैं, जबकि युद्ध समर्थक गुट का नेतृत्व मार्को रुबियो कर रहे हैं। इसमें पीट हेगसेथ और अब ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ भी शामिल हैं। किरियाकोउ ने बताया कि ट्रंप ने पिछले 12 महीनों में सभी ज्वाइंट चीफ्स को बदल दिया है और ऐसे लोगों को रखा है जो उनके प्रति वफादार हैं। इसी वजह से सेना का रुख अब बदल गया है।*

### यूएफओ फाइलों से ध्यान भटकाने की कोशिश?

*चर्चा के दौरान यह भी बात उठी कि सरकार जल्द ही यूएफओ से जुड़ी फाइलें जारी कर सकती है। किरियाकोउ ने माना कि हमले के समय ही इन फाइलों को जारी करने की बात करना जनता का ध्यान भटकाने का एक तरीका हो सकता है। जानकारों का मानना है कि तेहरान के मौजूदा प्रस्ताव अमेरिका को रोकने के लिए काफी नहीं हैं और राष्ट्रपति ट्रंप अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के विचार पर काम कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### नेपाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं


**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह हल्का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी



एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 दर्ज की गई। इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रितक क्षेत्र में सुबह 7:31 बजे स्थित था। भूकंप के झटके आसपास के तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेपाल भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील देशों में शामिल है।

### पाक की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 19 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है। दावे



के मुताबिक, शनिवार और रविवार की दरमियानी रात पाकिस्तान ने अफगान सीमा के पास आतंकियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान का कहना है कि यह कदम हालिया फिदायीन हमलों के जवाब में उठाया गया, जिनमें उसके 19 कई सैनिक मारे गए थे। पाक के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी ।

### लाहौर में हुआ कनाडाई पीएचडी स्कॉलर लापता

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में कनाडाई नागरिक और पीएचडी छात्र हमजा अहमद खान लापता हो



गए हैं। वे 13 फरवरी को एंटी-इम्पीरियलिस्ट राजनीति पर शोध के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। 19 फरवरी की रात डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी स्थित घर से राइड बुक कर कहीं जाने के लिए निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। दोस्त यूसुफ राशिद की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और यह भी देखा जा रहा है कि उनके रिसर्च वर्क का इस घटना से कोई संबंध है या नहीं।

## पीएम मोदी के दौरे से पहले इजराइली एक्सपर्ट ने कहा

# भारत-इजराइल की दोस्ती वैश्विक रक्षा रणनीति का नया पावर सेंटर

दौरे से दोनों देशों के बीच के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट संबंध आगे बढ़ेंगे

जबकि इजराइली डिफेंस की दिक्कत स्ट्रक्चरल इम्बैलेंस है। इजराइल की प्रोडक्शन क्षमता पर सवाल हैं और मैनपॉवर का अभाव है। इस बीच पीएम मोदी एक विशालकाय डिफेंस बजट के साथ आ रहे हैं। एफवाय 27 के बजट ने पीएम मोदी के दौरे का स्टेज तैयार कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस हफ्ते इजराइल जा रहे हैं। आठ सालों के बाद एक बार फिर से उनका तेल अवीव का दौरा होने जा रहा है। पीएम उस वक्त इजराइल जा रहे हैं जब 1 फरवरी को पेश किए गए बजट में रक्षा बजट के लिए 93.5 बिलियन अरब डॉलर जारी किया गया। इसीलिए पीएम के इस दौरे को डिप्लोमेसी की जगह डिफेंस के नजरिए से देखा जाना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय नीति निर्धारकों की मानसिकता को काफी बदला है और भारत, हथियारो में भारी भरकम निवेश कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ भारत की जीत का प्रतीक नहीं था बल्कि एक दोस्त के तौर पर इजराइल पर भरोसे का अटूट होना भी था।

पिछले 2-3 सालों में ग्लोबल पॉलिटिक्स में काफी बदलाव आए हैं। ज्यादातर यूरोपीय देशों ने इजराइल से हथियार खरीदने बंद कर दिए हैं और कई देशों ने पुराने कॉन्ट्रेक्ट रद्द कर दिए हैं। ऐसे में इजरायल को भारत जैसे भागीदार की जरूरत है। ईरानी मिसाइल हमलों ने इजरायल को भारत में अपनी डिफेंस फैक्ट्रियों को सेटअप करने के लिए भी मजबूर किया है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी का दौरा दोनों देशों के बीच के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट संबंध को आगे बढ़ाकर इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप की तरफ बढ़ते कदम को दिखाता है।



### क्या इजराइल भारत की क्षमताओं का उठा पाएगा फायदा?

डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने लिखा है कि भारत के रक्षा बजट में कई खास एंट्री पॉइंट दिए गए हैं। इनमें एमआरओ और सस्टेनमेंट हब शामिल हैं मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ ) के लिए कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी में छूट इजराइल को भारत में रीजनल सर्विस हब बनाने का सीधा न्योता है। यह इजराइली टेक्नोलॉजिकल मौजूदगी बनाए रखते हुए भारत की स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी सुनिश्चित करता है।

### भारत के प्राइवेट सेक्टर के साथ काम करना एक अच्छा मौका

इसके अलावा इजराइली कंपनियों के लिए भारत के प्राइवेट सेक्टर के साथ काम करने का भी मौका है। टाटा, एल&टी और भारत फोर्ज जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करना अब संभव है। जैसे-जैसे डिफेंस प्रोडक्शन में प्राइवेट सेक्टर का हिस्सा रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच रहा है, इजराइली कंपनियों को अपने सेंसर, रडार और एआई सुइट्स को भारत के मालिकाना हक वाले प्लेटफॉर्म में लगाना होगा।

### इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप की तरफ भारत-इजराइल के कदम

*इजराइली डिफेंस एक्सपर्ट डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने जेरूशलम पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का नजरिया सिक्योरिटी कंज्यूमर नहीं बल्कि सिक्योरिटी प्रोवाइडर है पर आधारित है, जो टेक्नोलॉजिकल आत्म निर्भरता और क्षेत्रीय सुरक्षा के नजरिए से डिजाइन किया गया है। उन्होंने लिखा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया है कि इंटीग्रेटेड इंटेलिजेंस, हथियारबंद अनमैन्ड एरियल व्हीकल और एआई-ड्रिवन इंटेलिजेंस, सर्विलांस, और रिकॉनिसेंस दुश्मनों पर भारी पड़ सकते हैं, जबकि वे पूरी तरह से न्यूक्लियर हमले की सीमा से नीचे रहते हैं। इसीलिए भारत अब सिर्फ हार्डवेयर नहीं खरीद रहा है, यह अपनी सेनाओं के बीच ऑपरेशनल फ्यूज़न पक्का करने के लिए सेना के डिजिटल ब्रेन में इन्वेस्ट कर रहा है। उन्होंने लिखा है जबकि इजराइली डिफेंस की दिक्कत स्ट्रक्चरल इम्बैलेंस है। इजरायल की प्रोडक्शन क्षमता पर सवाल हैं और मैनपॉवर का अभाव है। इस बीच पीएम मोदी एक विशालकाय डिफेंस बजट के साथ आ रहे हैं। एफ 27 के बजट ने पीएम मोदी के दौरे का स्टेज तैयार कर दिया है। डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने लिखा है कि भारत विशालकाय बजट खर्च करने को तैयार है, लेकिन उसे ऐसी टेक्नोलॉजी चाहिए जो न सिर्फ युद्ध में अपनी क्षमता साबित कर चुका हो, बल्कि मेड इन इडिया भी हो।*

## दो एके-47 राइफलें भी जब्त

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के टॉप कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर



एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाकर्मियों ने ऑपरेशन त्राशी-1 के तहत आतंकियों पर कड़ा प्रहार किया है। इस अभियान के दौरान रविवार को तीन आतंकी ढेर किए गए हैं। मारे गए आतंकियों में जैश का टॉप कमांडर भी शामिल है।

इस जॉइंट ऑपरेशन को जम्मू-कश्मीर पुलिस, अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसयों ने मिलकर अंजाम दिया। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, किश्तवाड़ क्षेत्र में एक्टिव आतंकियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है।

### आतंकियों के छिपे होने की मिली थी जानकारी

*शीर्ष सूत्रों के मुताबिक पुलिस और सुरक्षाबलों ने जैश के कमांडरों को मार गिराया है, इनमें सैफुल्लाह भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टुकड़ियों ने तलाशी अभियान शुरू किया और सुबह करीब साढ़े 10 बजे चतरू बेल्ट के पासेरकुट इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई।*

### आंतंकियों के पास से दो एके-47 राइफलें बरामद

*अधिकारी ने बताया कि एक पहाड़ी पर मौजूद मिट्टी के घर के भीतर छिपे आतंकवादियों ने पास आ रहे जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। इस अभियान में अब तक तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं। उनके पास से दो एके-47 राइफलों और गोला-बारूद समेत अन्य आतंकी सामग्री भी बरामद की है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सुरक्षाबल लगातार तलाशी अभियान चला रहे है, ताकि कोई भी छिपा हुआ आतंकी उनकी नजरों से बचे नहीं। आतंकियों की तलाश लगातार जारी है।*

### मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर


*सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर पुलिस, खुफिया विभाग और अपने खुद के खुफिया सूत्रों से मिली विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर, किश्तवाड़ क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें ढेर करने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सीआईएफ (काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स) डेल्टा, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की आज सुबह करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों के साथ फिर से मुठभेड़ शुरू हुई. सेना ने बताया कि जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया.तलाश अभी जारी है, जो लोग शांति भंग करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कहीं कोई शरण नहीं मिलेगी।*

## ट्रंप पर फिर हमले की साजिश!

# रिजॉर्ट में गन लेकर घुसा शख्स सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया। अमेरिकी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप आमतौर पर सप्ताहांत 'मार-ए-लागो' रिजॉर्ट में गुजारते हैं, लेकिन शनिवार रात को घटना के समय वह व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय) में थे। उन्होंने बताया कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी



घटना के समय राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में थीं। अधिकारियों ने मारे गए व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। खुफिया विभाग के मुताबिक, मार-ए-लागो रिजॉर्ट के उत्तरी गेट पर तैनात कर्मियों ने एक व्यक्ति को शॉटगन और ईंधन के कैन के साथ घुसते देखा।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार सेवा के एजेंट और पाम बीच काउंटी के शेरिफ के डिप्टी ने व्यक्ति को मार गिराया।

## आज से मिलेगी सुविधा

# बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू करने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी।

सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है। नई दिल्ली समेत इन जगहों पर आसानी से मिलेगा वीजा अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई



कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा।

पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे।

## सेना प्रमुख का ऑस्ट्रेलिया दौरा



**नई दिल्ली।** भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया है। इस दौरे पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही इस दौरान सैन्य ट्रेनिंग, नई तकनीक और 2026 के 'ऑस्ट्राहिंद' अभ्यास पर चर्चा हुई।

## रॉकेट में आई खराबी

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका, टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है।

इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी।

### 1960 के दशक में नासा ने यह उपलब्धि हासिल की


नासा का मून मिशन आर्टेमिस-2

नासा चीफ इसाकमैन ने कहा, 'मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं। यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे।

### अगले माह की 6 तारीख को होना था आर्टेमिस 2 लॉन्च

यह अमेरिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## नक्सली बसवराजू के एनकाउंटर के बाद कमान देवजी को सौंपी थी

# 6 करोड़ का इनामी,135 जवानों के हत्यारे नक्सली 'देवजी' ने किया तेलंगाना में सरेंडर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लाल आतंक के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च 2026 से पहले एक और बड़ी सफलता मिली है। 6 करोड़ के इनामी और 135 जवानों का हत्यारे नक्सली देवजी ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया है। देवजी नक्सल संगठन का महासचिव भी है। मई महीने में छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुप्रीम लीडर महासचिव नंबाला केशव उर्फ बसवराजू के एनकाउंटर के बाद नक्सलियों की कमान देवजी को सौंपी गई थी। दुर्दांत



नक्सली देवजी तेलंगाना के करीमनगर जिले का रहने वाला है। उसका जन्म जिले के कोरुटला के एक दलित परिवार के यहां हुआ था। करीब 62 साल के नक्सली देवजी को तिप्पिरी तिरुपति उर्फ संजीव पल्लव नाम से भी जाना जाता है। बसवराजू के एनकाउंटर के बाद सीपीआई (माओवादी) का सर्वोच्च महासचिव पद खाली था, जिस पर देवजी को नियुक्त किया गया था।

### दुर्दांत नक्सली देवजीगुरिल्ला वॉर एक्सपर्ट

*नक्सली देवजी पिछले करीब साढ़े तीन दशक से लाल आतंक नक्सलवाद से जुड़ा हुआ है। उसे बेहद दुर्दांत नक्सली कमांडर माना जाता रहा है। उसके ऊपर देश के अलग-अलग राज्यों में कुल छह करोड़ रुपए का इनाम है। वह नक्सलियों की सेंट्रल मिलिट्री कमांड का प्रमुख भी रह चुका है। उसे गुरिल्ला वॉर का एक्सपर्ट माना जाता है। अपनी गुरिल्ला शैली में जंगल में सुरक्षा बलों पर हमला करने में वह माहिर था। रानी बोदली की घटना में 55 और दंतेवाड़ा में 80 सीआरपीएफ जवानों की मौत नक्सली देवजी के नेतृत्व में हुए हमलों में ही हुई थी।*

### सीआरपीएफ ने छह राज्यों में हथियारों के जखीरे का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** देश से नक्सलियों को खत्म करने का मिशन अपने चरम पर पहुंच रहा है और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ ने 2026 में अब तक छह राज्यों में माओवादियों से जुड़े हथियारों तथा विस्फोटकों के 57 जखीरों का भंडाफोड़ किया है, जिसमें 101 से अधिक हथियार, विस्फोटक समेत आईईडी बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



### 6 राज्यों से खतरनाक हथियार बरामद किए

*अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैनिक बल ने छह राज्यों - छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश - में छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की बंदूकों (एके-47, इंसास, .303 और देसी) के अलावा कुल 52 आईईडी, 405 किलोग्राम विस्फोटक, 1,093 से अधिक डेटोनेटर तथा अन्य सामान बरामद किया।*

# एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में भाजयुमो ने पीसीसी का किया घेराव
# कांग्रेस बोली-कार्यालय में तोड़फोड़ की, भाजपा ने कहा-कांग्रेसियों ने किया पथराव

## भाजपा और कांग्रेस ने हबीबगंज थाने में एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराए प्रकरण, प्रदर्शन में घायल युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भोपाल में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस से देश से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। वहीं पीसीसी के बाहर हुए प्रदर्शन में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।

हालांकि पुलिस ने वाटर कैनन से चलाकर स्थिति पर समय रहते काबू पा लिया। इधर, भाजपा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर प्रदर्शन के दौरान पथराव करने का आरोप लगाया है। वहीं, कांग्रेस ने कार्यालय में तोड़फोड और गालीगलौज का आरोप भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया है।




प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चलाती पुलिस।

### भाजपा ने थाने में शिकायत दर्ज कराइ्र, जीतू ने सीएस को लिखा पत्र

भाजपा ने हबीबगंज थाना पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर शामिल रहे। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेसियों पर हमले के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए सीएस अनुराग जैन को पत्र लिखा है।





टेलर ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया।



पीसीसी में मौजूद कांग्रेस नेता शर्मा और पदाधिकारी।



अस्पताल में घायल कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे शर्मा।



प्रदर्शन में घायल कार्यकर्ता।

### काउंटर केस दर्ज

भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारी राकेश परस्ते की शिकायत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ हबीबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस नेता प्रदीप अहिरवार ने भाजपा युवा मोर्चा के नामजद 6 कार्यकर्ताओं और 50 से 60 लोगों के खिलाफ हबीबगंज थाने में एफआईआर कराई है।

---

नए शिक्षण सत्र से स्कूलों में दिया जाएगा नि:शुल्क दूध, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने सिंध नदी पर नवनिर्मित सेतु का किया उद्घाटन

# विकास, नवाचार और किसान समृद्धि का रोल मॉडल बन रहा दतिया: सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दतिया में एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ दतिया से भोपाल फ्लाईट भी शुरू हो गई है। खजुराहो से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन के जरिए दिल्ली अब दतिया से चंद घंटों की दूरी पर आ गया है। उन्होंने कहा कि दतिया में मां पीताम्बरा लोक का निर्माण तेजी से प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दतिया जिले के सेवढ़ा तहसील मुख्यालय में 529 करोड़ लागत के 71 विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि करीब सवा 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली रतनगढ़ सिंचाई परियोजना से इस क्षेत्र के 40 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

**मुख्यमंत्री ने सेवढ़ा में दी दतिया जिलावासियों को 529 करोड़ रुपए से अधिक के 71 विकास कार्यों की सौगात**

**सवा 2 हजार करोड़ रुपए की रतनगढ़ परियोजना से 40 हजार किसानों को मिलेगा सिंचाई सुविधाओं का लाभ**



कार्यक्रम में भगवान की मूर्ति लिए सीएम।

### केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का दतिया को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कभी पेयजल संकट से जूझने वाला दतिया में आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम चल रहा है। इसका भरपूर लाभ दतिया जिले के किसानों को भी मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। दतिया जिले में 1.48 लाख हेक्टेयर से अधिक भू-रकबे में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से यहां कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। दो सालों में यहां 7 लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ जिले के 1.37 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा है। फसल बीमा योजना यहां के 1.26 लाख से अधिक किसानों का सुरक्षा कवच बनी है।

### प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने दतिया से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 475 करोड़ रुपए से नई सड़क बनाने की घोषणा की। उन्होंने इंदरगढ़ में नवीन बस स्टैंड की घोषणा करते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए भी राशि दी जाएगी। सेवढ़ा में नया इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। इंदरगढ़ में 8.5 किमी लंबा बायपास बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने द्वारका योजना के अंतर्गत नगर परिषद सेवढ़ा को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना के माध्यम से मुश्किल वक्त में गरीब भाई-बहनों के परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दी जा रही है। प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही स्कूलों में निः शुल्क दूध वितरित की योजना शुरू की जाएगी। इससे बच्चों को पोषण का लाभ मिलेगा।


---

अतिथियों ने युवाओं की नेतृत्व क्षमता और संवैधानिक समझ की सराहना की

# बीयू में मंथनः द यूथ पार्लियामेंट 2026 में संसद और विधानसभा को किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मंथनः द यूथ पार्लियामेंट, 2026 का आयोजन किया गया। शुरुआत प्रो. मोना पुरोहित, विभागाध्यक्ष विधि शिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश विधानसभा रहे। उन्होंने कहा कि यह देश युवाओं का है और युवाओं को अनुशासन एवं संस्कार के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। बीयू के कुलगुरू प्रो. एसके जैन ने कहा कि जीवन में संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।



### विस अध्यक्ष तोमर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने प्रेरित किया

विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह, डायरेक्टर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन, नई दिल्ली तथा अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं के तर्क, नेतृत्व क्षमता और संवैधानिक समझ की सराहना की। विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों का धन्यवाद प्रो. विवेक कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। बीयू में यूथ पार्लियामेंट सत्र आयोजित किए गए। इनमें राज्यसभा का विषयः एक समान नागरिक संहिता लोकसभा का विषयः एक देश, एक चुनाव,भारतीय महिला संसद का विषयः पर्यावरण बनाम औद्योगिक विकास मध्य प्रदेश विधानसभा का विषयः सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा पर विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रस्तुत तर्कों से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वास्तविक संसद अथवा विधानसभा का सत्र संचालित हो रहा हो।

---

समिति ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में की शिकायत

# पूर्व सचिव ने किया पारस सिटी सोसाइटी के कार्यालय पर कब्जा



पारस सोसाइटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ई-3 अरेरा कॉलोनी स्थित पारस सिटी सोसाइटी के कार्यालय हस्तांतरण के विवाद की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई है। सोसाइटी की वर्तमान कार्यकारिणी समिति ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से जनसुनवाई में की है। जानकारी के अनुसार कार्यालय का हस्तांतरण मई 2025 में वर्तमान कार्यकारिणी को होना था, लेकिन पूर्व सचिव अजय त्रिपाठी ने अब तक कार्यालय से अपना कब्जा नहीं छोड़ा है। नई कार्यकारिणी समिति ने जब कार्यालय खाली करने की मांग की तो समिति पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

---

कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुन बोले मुख्यमंत्री

# सकारात्मक प्रयासों का सशक्त मंच बन रहा 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सीएम विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक और प्रेरक प्रयासों को सामने लाने वाला सशक्त मंच बन चुका है। यह कार्यक्रम सेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूती देता है और हर माह लोग इसके प्रसारण का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में भारत की तकनीकी ताकत को विश्व स्तर पर सराहा गया।



### स्टार्टअप में छत्तीसगढ़ भी बढ़ रहा आगे

'मेड इन इंडिया' एआई मॉडल लॉन्च होना देश की नवाचार क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भी स्टार्टअप संस्कृति और मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए तकनीकी नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश में धान की 500 से अधिक किस्मों की खेती हो रही है और भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बन चुका है। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देशभर के किसानों, वैज्ञानिकों और नीतिगत प्रयासों का अहम योगदान है। मुख्यमंत्री ने अमूल के माध्यम से डेयरी प्रबंधन में एआई के उपयोग और 'सुश्रुत संहिता' जैसे प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण को भारतीय परंपरा और आधुनिक तकनीक के उत्कृष्ट समन्वय का उदाहरण बताया।

### मासूम के अंगदान को बताया मिसाल

कार्यक्रम में केरल की 10 माह की बालिका आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान के निर्णय का उल्लेख करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया गया। साथ ही डिजिटल फ्रॉड और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराधों से सावधान रहने, केवाईसी और बैंकिंग सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी महत्वपूर्ण बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' का प्रत्येक एपिसोड आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में देश के बढ़ते कदमों को दर्शाता है और नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

---

रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम केसरा का मामला

# अपने ही खेत में संदिग्ध हालत में मिला अधेड़ किसान का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम केसरा में एक किसान की लाश उसके ही खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया।

पुलिस को किसान के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि केसरा गांव के खेत में एक किसान का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। मृतक की पहचान केसरा निवासी अमरसिंह साहू 50 वर्ष के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने खेत में एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रानीतराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस ने प्राथमिक साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शुरुआती जांच में मृतक के सिर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान पाए गए। चोटों की प्रकृति को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि किसी भारी वस्तु से सिर पर वार किया गया है।

---

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# चाय में मिलाया नशीला पदार्थ, दुष्कर्म के बाद बनाया आपत्तिजनक वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती के साथ दुष्कर्म करने और उसके परिजनों को आपत्तिजनक वीडियो भेजने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान वह पूंजीपथरा क्षेत्र में मजदूरी का काम करती थी।

वहीं उसकी पहचान पंकज यादव 30 वर्ष, निवासी सेंदरीबहार जिला जशपुर नगर से हुई, जो सिंघल गेट प्लांट बंजारी में सुपरवाइजर का काम करता था। पीड़िता के अनुसार 20 मार्च 2025 की शाम आरोपी एक परिचित महिला के साथ उसके कमरे में आया और चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इस स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद अप्रैल माह में आरोपी फिर उसके कमरे में आया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकी देने लगा। भयभीत होकर वह अपने गांव चली गई।

### आरोपी के मोबाइल से मिले पीड़िता के आपत्तिजनक वीडियो



पीड़िता ने बताया कि करीब एक माह पूर्व आरोपी ने उसके मोबाइल से उसका आपत्तिजनक वीडियो निकाल लिया और उसे तथा उसके परिवारजनों के मोबाइल नंबरों पर भेजने लगा, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान थी। शिकायत के बाद पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोबाइल की जांच में पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो मिला, जिसके आधार पर अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है।

---

जीएमसी में आर्थराइटिस अपडेट का आयोजन

# इलाज का लक्ष्य दर्द कम करना नहीं, बल्कि मरीज को सामान्य जीवन में वापस लाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गठिया (रूमेटाइड आर्थराइटिस) के बदलते स्वरूप, इसके प्रारंभिक निदान और उपचार की नवीनतम रणनीतियों पर चर्चा के लिए राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के अस्थि रोग विभाग द्वारा शनिवार को आर्थराइटिस अपडेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वैज्ञानिक संगोष्ठी में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई केस-आधारित पैनल चर्चा रही।

इसमें वास्तविक मामलों के माध्यम से डॉक्टरों को यह समझाया गया कि रूमेटाइड आर्थराइटिस का शुरूआती स्तर पर सटीक निदान कैसे किया जाए। विशेषज्ञों ने बीमारी की गंभीरता को मापने के लिए डीएएस-28 स्कोर और रोग के पूरी तरह नियंत्रण में होने की स्थिति को परखने के लिए बूलियन रेमिशन मानदंड के महत्व पर प्रकाश डाला। वर्कशॉप के दौरान ट्रीट टू टारगेट रणनीति पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इलाज का लक्ष्य केवल दर्द कम करना नहीं, बल्कि मरीज को एक सामान्य और क्रियाशील जीवन की ओर वापस लाना होना चाहिए।





आर्थराइटिस अपडेट कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

### बच्चों और युवाओं में भी बढ़ रहा गठिया रोग

वर्कशॉप में एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि गठिया को अब केवल वृद्धावस्था से जोडकर देखना एक बड़ी भूल है। विशेषज्ञों ने आगाह किया कि आजकल युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी गठिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यदि सही समय पर उपचार न मिले, तो यह जोड़ों में स्थायी विकृति का कारण बन सकता है, जिससे मरीज भविष्य में दिव्यांगता का शिकार हो सकता है।

---

# समाज की मातृशक्ति ही राष्ट्र की प्राणशक्ति: मंत्री कृष्णा गौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशन में मध्यभारत प्रांत में संचालित मातृशक्ति केंद्रित 'सप्तशक्ति संगम' अभियान का प्रांत स्तरीय समापन कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट सुभाष विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि मातृशक्ति त्याग, तपस्या और प्रेम की प्रतिमूर्ति है। वह केवल जन्मदात्री नहीं, बल्कि जीवनदात्री है। यदि समाज को सशक्त बनाना है, तो मातृशक्ति को सशक्त बनाना ही होगा। आज हमारे समाज में युवाओं को सही दिशा देने की आवश्यकता है।



विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) डॉ. अंशुमन अग्रवाल ने कहा मातृशक्ति ही परिवार में स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को जीवंत रखती है। यदि माता जागरूक है तो पूरा समाज जागरूक होगा।

## जबलपुर-भोपाल मार्ग की जीवनरेखा ध्वस्त

# जबलपुर—भोपाल एनएच-45 पर रेल ओवर ब्रिज के निर्माण व गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल



हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर और भोपाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-45 (NH-45) पर रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहपुरा-भिटोनी क्षेत्र में बना रेल ओवर ब्रिज मरम्मत के दौरान अचानक ढह गया, जिसके बाद इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह वही पुल है जिसे जबलपुर-भोपाल मार्ग की जीवनरेखा कहा जाता है। कुछ वर्ष पहले ही करोड़ों की लागत से बने इस ब्रिज के गिरने से निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### कैसे गिरा एनएच-45 का रेल ओवर ब्रिज

स्थानीय लोगों के अनुसार पुल के एक हिस्से में पहले से दरार और कमजोरी थी, जिस पर मरम्मत का काम चल रहा था। सुरक्षा के नाम पर एक साइड बंद की गई, जबकि दूसरी साइड से भारी वाहन निकाले जा रहे थे। रविवार दोपहर अचानक दूसरा हिस्सा भी भरभराकर गिर गया। तेज आवाज के साथ धूल का गुबार उठा और कुछ ही मिनटों में पूरा मार्ग बंद हो गया। मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए।

### रेलवे लाइन से सिर्फ 50 मीटर दूर धंसा पुल

जानकारी के मुताबिक यह ब्रिज रेलवे लाइन से मात्र 50 मीटर की दूरी पर धंसा है। यदि यही हादसा कुछ मीटर पहले होता, तो लगातार गुजरने वाली ट्रेनों के कारण यह भीषण रेल दुर्घटना में बदल सकता था।

### 400 करोड़ की लागत, 3–4 साल में तैयार हुआ था ब्रिज

- यह प्रोजेक्ट बांगड़ कंपनी को दिया गया था, जिसके मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद जैन बताए जा रहे हैं।
- करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से यह ब्रिज 3–4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था। इतने कम समय में पुल का इस तरह ढहना गंभीर चिंता का विषय है।

### पहले भी आई थी दरार की शिकायत

- इस ब्रिज पर पहले भी दरार और झुकाव की खबरें सामने आ चुकी थीं। तब एक लेन बंद की गई थी और लोगों ने निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं होने का नतीजा अब सबके सामने है।

### कांग्रेस का आरोप: यह भ्रष्टाचार का नतीजा

- घटना के बाद कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव मौके पर पहुंचे।

### 5 प्वाइंट में समझें पूरा मामला

- जबलपुर-भोपाल एनएच-45 पर बना रेल ओवर ब्रिज अचानक गिरा
- हादसा उस वक्त हुआ जब पुल पर मरम्मत कार्य चल रहा था
- पुल का एक हिस्सा पहले से कमजोर बताकर बंद किया गया था
- दूसरे हिस्से से भारी वाहनों का आवागमन जारी था
- विपक्ष ने घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

### मरम्मत के दौरान ट्रैफिक क्यों नहीं रोका गया?

प्रशासन का दावा था कि स्थिति नियंत्रण में है और मरम्मत के बाद पुल सुरक्षित रहेगा। लेकिन हादसे ने इन दावों की पोल खोल दी।

### अब सवाल उठ रहे हैं

- कमजोर पुल से भारी वाहन क्यों गुजरने दिए गए?
- क्या सुरक्षा ऑडिट और गुणवत्ता परीक्षण हुआ था?
- मरम्मत के दौरान ट्रैफिक रोकना क्यों जरूरी नहीं समझा गया?

### उन्होंने कहा कि—

- "कुछ साल में ही पुल का गिर जाना साफ तौर पर घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार को दिखाता है। स्थानीय लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज किया गया।"
- कांग्रेस ने स्वतंत्र जांच और निर्माण एजेंसी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।
- **MPRDC** ने कंपनी को किया ब्लैकलिस्ट
- **MPRDC** के अधिकारी अब मामले से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

### MPRDC के राकेश मोरे के अनुसार—

- निर्माण कंपनी को पहले ही नोटिस दिया गया था
- मरम्मत (सुधार) का काम चल रहा था
- हादसे के बाद कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है

### आवागमन बंद, टोल फ्री का दावा भी फेल

- पुल गिरने के बाद सभी टोल गेट खोलने और टोल फ्री करने का दावा किया गया, लेकिन फास्टैग से 85 रुपए की कटौती जारी रही।
- इससे लोगों में नाराजगी है कि आपदा में भी टोल वसूली का खेल चल रहा है।
- ट्रकों-बसों की लंबी कतारें लग गई हैं, छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है। स्थानीय व्यापार, स्कूल-कॉलेज और दफ्तर जाने वालों को भारी परेशानी हो रही है।

### उठ रहे हैं बड़े सवाल

- क्या पुल की नियमित तकनीकी जांच हुई थी?
- गुणवत्ता परीक्षण में लापरवाही तो नहीं हुई?
- मरम्मत के दौरान ट्रैफिक चालू रखना किसकी जिम्मेदारी थी?

---

**नई परिवहन नीति के खिलाफ बस ऑपरेटर लामबंद**

## 2 मार्च से थम जाएंगे बसों के पहिये

**जबलपुर।** बस आपरेट अपनी समस्याओं को लेकर आगामी 2 मार्च से प्रदेश व्यापी हड़ताल पर जा रहे हैं. इस दौरान बसों के पहिये थमे रहेंगे. गौरतलब है कि 2 मार्च को होलिका दहन और 3 मार्च को धुरेड़ी है. लिहाजा त्योहारों में घर लौटने वालों को सड़क परिवहन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है. बताया गया है कि मध्य प्रदेश बस आपरेटर एसोसिएशन की एक बड़ी बैठक अध्यक्ष संतोष पांडे की अध्यक्षता गत दिवस सागर में जिले में आयोजित की गई. इसमें जबलपुर आईएसबीटी बस आपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए।



बैठक में सरकार द्वारा नई परिवहन नीति पर आक्रोश व्यक्त किया गया. बस आपरेटरों का कहना था की यदि परिवहन नीति नहीं बदली गई तो बस परिवहन उद्योग तबाह हो जाएगा. कई लोगों पर रोजी रोटी संकट आ जाएगा. इसी तरह बैठक में मांग रखी गई थी की बारात लेकर जाने वाले बसों के परमिट का टैक्स बढ़ाया गया है. जिसका बोझ भी अंत में आमजनता पर ही आएगा. लिहाजा बढ़ा हुआ टैक्स वापस लिया जाए. बैठक में तय किया गया कि 2 मार्च से अनिश्चित कालीन हड़ताल की जाएगी. इस दौरान प्रदेश भर में बसे नहीं चलेंगी. सभी बस आपरेट अपने अपने जिलों में मांगों के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

जबलपुर से इस बैठक में अध्यक्ष कमल किशोर तिवारी पिन्टू , वीरेन्द्र साहू, नसीम बेग, उदय चंद जैन, कल्याण नियोगी, अजय पाठक प्रहलाद छुगानी संजय समाधियां नरेश रजक पप्पू खम्परिया दीपेंद्र डोंगरे दिलीप मंगलानी माजिद खान, जावेद खान, टिंकू रोहाणी,नौशाद धन्नू जैन, संतोष शर्मा बलवंत सिंह संदीप जैसवाल संजय शर्मा आदि शामिल थे.

## रेलवे में माल-लदान में वसूले 8 करोड़ रूपये

**पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान**

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मण्डलों (जबलपुर, भोपाल व कोटा) में यात्री गाडियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में कुल 01 लाख 37 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 08 करोड़ 94 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो इसी माह में पिछले वर्ष वसूले गये जुर्माने (कुल 07 करोड़ 39 लाख रूपए) की तुलना में 20.99 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (08 करोड़ 82 लाख रुपए) से 1.33 प्रतिशत अधिक है।

मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 03 हजार प्रकरण से रेलवे ने 17 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 59 हजार प्रकरण से रेलवे ने 03 करोड़ 96 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 45 हजार प्रकरण से रेलवे ने 02 करोड़ 72 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। कोटा मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 30 हजार प्रकरण से रेलवे ने 02 करोड़ 09 लाख रूपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

### बिना टिकट यात्रा नहीं करें

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो। वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के समनव्य से पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने के उद्धयेश्य से ट्रेनों में टिकट चैकिंग अभियान आगे भी चलाये जाते रहेंगे।

## माढोताल में ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को कुचला

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत आईटीआई के सामने शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को इस कदर टक्कर मारी की उसका सर धड़ से अलग हो गया. घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. फिलहाल युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है. माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई माढ़ोताल के सामने आज शाम 5 बजे के लगभग स्कूटी से जा रही युवती को पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगते ही युवती स्कूटी सहित सामने की ओर गिरी, जिसके कुचलते हुए ट्रक निकल गया। हादसे में युवती का सिर धड़ से अलग हो गया। इस हादसे को देख लोगों में चीख पुकार मच गई। यहां तक कि राह चलते लोगों सहित आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी चालक को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों आक्रोशित हो गए, उन्होने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया। हालांकि युवती की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## गुंजन का रस रंग महोत्सव 2 मार्च को, तैयारी में जुटी युवा टीम

### शहीद स्मारक भवन में परंपरा और कला का होगा अनूठा संगम

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन, मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 2 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले '33वें रसरंग महोत्सव' की तैयारियों ने अब जोर पकड़ लिया है. इसी कड़ी में आज 'युवा गुंजन' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवा गुंजन के अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने आगामी कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रसरंग महोत्सव न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि यह धर्म, वर्ग और राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उल्लेखनीय है कि ये आयोजन गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश के डॉ. आनंद तिवारी (प्रांतीय अध्यक्ष),लायन नरेन्द्र जैन (प्रांतीय महामंत्री),सुरेश सराफ (प्रांतीय कोषाध्यक्ष) व प्रतुल श्रीवास्तव व विजय जायसवाल(प्रधान संयोजक) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्य आकर्षण होंगे पाँच सौ दूल्हे

2 मार्च 2026, सोमवार को होलिका दहन की संध्या पर शहीद स्मारक भवन, जबलपुर में आयोजित होने वाला यह महोत्सव कई मायनों में खास होगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे से होगी, जहाँ आमंत्रित अतिथियों का साफा-माला पहनाकर और 'दूल्हा भेष' में तिलक लगाकर अभिनंदन किया जाएगा। आयोजन में पांच सौ दूल्हे सम्मिलित होंगे। मुख्य मंच से औपचारिक उद्घोषणा शाम 7 बजे होगी। आयोजन के दौरान दीप प्रज्ज्वलन और स्तुति नृत्य के पश्चात संस्था के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण 'किन्नरों का आकर्षक परंपरागत नृत्य' होगा, जो इस महोत्सव की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसी क्रम में मोती शिवहरे के निर्देशन में नवरंग कथक कला केंद्र के कलाकार मधुर गीतों पर आकर्षक नृत्य करेंगे। लोककला से जुड़े राई और फाग भी इस आयोजन में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। गुंजन कला सदन ने इस विशिष्ट आयोजन के लिए शहरवासियों को सपरिवार आमंत्रित किया है, ताकि वे इस भव्य सांस्कृतिक धरोहर और सौहार्दपूर्ण मिलन के साक्षी बन सकें।

### आयोजन को ऐतिहासिक बनाने लिया संकल्प

तैयारियों को लेकर आयोजित इस बैठक में युवा गुंजन की पूरी टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री विक्रम परवार, उपाध्यक्ष विवेक सोनी, अभिजीत रॉय, जीपी सिंह, राजेश गुप्ता, एसबी चौबे, हेमन्त अरोरा, अखिल मदान, अभय पचौरी, निखिल तिवारी, निखिल अग्रवाल, मुनीश जायसवाल और केके वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने एक स्वर में महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## इधर राहुल गांधी का पुतला जला उधर, मोदी का पुतला दहन किया

# अब रसल चौक कार्यालय में कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में एक बार फिर भाजपा व कांग्रेस आमने सामने हो गए है। बल्देवबाग के पुराने कांग्रेस कार्यालय में युवा मोर्चा ने प्रदर्शन किया था, अब भाजपा की महीला मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला लेकर रसल चौक कार्यालय में प्रदर्शन किया. इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा. दरअसल दिल्ली में एआई समिट के दौरान युवक कांग्रेस के प्रर्दशन से नाराजा भाजपा द्वारा जवाबी प्रदर्शन किया जा रहा है. रविवार शाम महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रसल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। वहीं कांग्रेस ने भी जबावी प्रदर्शन करते हुए मोदी का पुतला दहन किया।





भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया यह कृत्य देश को शर्मसार करने वाला है। उन्होंने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली इस घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं। महिला मोर्चा भी पूरी मजबूती से साथ खड़ा है। इस दौरान रसल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही बैरिकेट्स लगाकर पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया था। इस अवसर पर रूपा राव, अर्चना अग्रवाल, आस्मिता सिंह, प्रतिभा भापकर, लवलीन आनंद, मधुबाला राजपूत, कविता रैकवार, कृष्णा दास चौधरीए लक्ष्मी जय चक्रवर्तीए विभा उपाध्याय आदि उपस्थित रहीं।

### कांग्रेस ने भी किया प्रदर्शन

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदर्शन की खबर मिलते ही कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकत्र हो गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे, अतुल बाजपेयी, मनीष चंसोरिया, अमरीश मिश्रा, रितेश गुप्ता, सोनू कुकरेले, विजय जैन चुन्ना, रितेश अग्रवाल, सरबजीत सिंह रोल, अमर रजक, अभ्युत बाजपेयी, शिशांत सिंह ठाकुर, भावना निगम, आभा पटैल, कमलेश यादव, कीर्ति ठाकुर, भानु यादव, दिलीप साहू, रज्जू सराफ, रितेश नोतनानी, कैलाश ठाकुर, पवन कनौजिया, बलवंत गूजर, भरत पटेल, समर्थ अवस्थी, आशुतोष वत्स, सिद्धांत जैन, रविन्द्र गौतम, आसिफ कुरैशी, जयंत मिश्रा, विक्रम ठाकुर, जय ठाकुर, इमरान हुसैन, असलम खान, अभिषेक पाठक आदि उपस्थित रहे।

### दोनों पक्षों को रसल चौक के पहले ही रोका

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने रसल चौक को छावनी में तब्दील कर दिया था। दोनों ओर बेरीकेटिंग कर दी गई जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा का कहना था कि भाजपा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के प्रदर्शन करा रही है। जबकि देश में महंगाई, बेरोजगारी व कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दे मौजूद हैं।

## सिहोरा में धीरे-धीरे हालात हो रहे सामान्य, अब तक 61 गिरफ्तारियां बाजारों में रौनक लौटी

**जबलपुर।** जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर सिहोरा में अब हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहे हैं. पिछले दिनों यहां भड़के साम्प्रदायिक तनाव के बाद पुलिस पूरी अहतियात बरत रही है. अभी भी यहां पुलिस बल तैनात है पेट्रोलिंग लगातार जारी है. अबतक 61 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. रविवार को हालात सामान्य रहे बाजारों में रौनक लौटती दिखाई दी. मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी और बस स्टैंड क्षेत्र में भी रोज की तरह वाहनों का आना-जाना जारी रहा। पुलिस ने अब तक इस मामले में 5 एफआईआर दर्ज की हैं और कुल 61 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना वाली रात 49 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जबकि बाद में 12 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से मिली शिकायतों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

### 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

रविवार को भी एहतियात के तौर पर सिहोरा में 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। वार्ड नंबर 5 सहित संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में है, जिनमें 2 एडिशनल एसपी और 3 डीएसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया, सिहोरा में पूरी तरह शांति बहाल हो चुकी है। लोग सामान्य दिनों की तरह अपने कामकाज में जुट गए हैं। गौरतलब है कि गुरुवार रात सिहोरा तहसील में दुर्गा मंदिर और मस्जिद के बीच आरती और अजान को लेकर विवाद बढ़ गया था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया।

# विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा प्रदेश का बजट : राकेश सिंह

## अभ्युदय मप्र बजट 2025-26 विषय पर लोक निर्माण मंत्री ने किया पत्रकारवार्ता को सम्बोधित

जबलपुर।

"प्रदेश का बजट विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बजट में क्षेत्र के समग्र विकास, निवेश प्रोत्साहन और बेहतर जीवन गुणवत्ता की दिशा को साकार करने के प्रावधान किये गए हैं", यह बात मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अभ्युदय मप्र बजट 2025-26 विषय पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए होटल नर्मदा जेक्शन सिविल लाइन में कही।पत्रकार वार्ता में महानगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, नितिन भाटिया उपस्थित थे।श्री सिंह ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा मध्य प्रदेश वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने दिनांक 18 फरवरी 2026 को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए 4.38 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया,




जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 के 4.21 लाख करोड़ की तुलना में लगभग 4.0% अधिक है। वर्ष 2026-2027 के लिए राजकोषीय घाटा 4% रहने का अनुमान है।मंत्री श्री सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चार जातियों का उल्लेख किया है और श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बजट में इन चार जातियों जिन्हें हम gyan कहते हैं उनके उत्थान की दिशा में केंद्र का बजट पेश किया गया, इसीलिए मध्य प्रदेश बजट 2026-27 का बजट 'GYAN-II (ज्ञानी) के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति (GYAN) के साथ-साथ औद्योगिकीकरण एवं अधोसंरचना (II) को भी जोड़ा गया है। इस प्रकार, रोज़गार सृजन, उत्पादन क्षमता में वृद्धि और दीर्घकालिक विकास अब बजट की केंद्रीय धुरी होंगे।

### कृषि विकास एवं किसानों का कल्याण

मंत्री श्री सिंह ने कहा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा 5

### गरीब कल्याण

मंत्री श्री सिंह ने कहा प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किये है जिनमे पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध-घुमक्कड़ वर्ग के लिए 1,691 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, दिव्यांगों को आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना, माता-पिता भरण पोषण योजना, अटल वयो-अभ्युदय योजना आदि में आवश्यक धनराशि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2,857 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

### नारी कल्याण

श्री सिंह ने कहा नारी कल्याण की दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के अंतर्गत अब तक 52 लाख 29 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। इसके साथ ही योजना में 14 लाख 12 हजार बालिकाओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है। इस योजना के लिए 1,801 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।नवीन प्रस्तावित 'यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के अंतर्गत कक्षा 8 तक के प्रत्येक विद्यार्थी को अतिरिक्त पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से टेट्रा पैक में दुग्ध प्रदान किया जाएगा। वर्ष 2026-27 में इस योजना के अंतर्गत 80 लाख विद्यार्थियों को दुग्ध पैकेट वितरित किए जाने का लक्ष्य है। आगामी पाँच वर्षों हेतु इस योजना का आकार 6,600 करोड़ है, जिसमें से इस बजट में 700 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। श्री सिंह ने कहा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 23,883 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है।

### अवसंरचना विस्तार तथा संधारण

मंत्री श्री सिंह ने कहा अवसंरचना विस्तार तथा संधारण के लिए सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए वर्ष 2026-27 में 14,742 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित किया है।उन्होंने बताया प्रदेश में सड़क नेटवर्क (**Road Network**) मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। 12,690 करोड़ सड़क मरम्मत, ग्रामीण-शहरी सड़क नेटवर्क विस्तार और कनेक्टिविटी सुधार के लिए आवंटित । 21,630 करोड़ की मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना को मंजूरी दी गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा।




अधिकारियों की मिलीभगत

# मनरेगा में बड़ा फर्जीवाड़ा : ग्राम किवलारी में फर्जी मजदूरों के नाम पर लाखों की हेराफेरी

**पनागर**। ग्राम पंचायत महगवां टगर सत्र 2023-24 में ग्राम पंचायत महगवां (टगर) के अंतर्गत ग्राम किवलारी में रेलवे के अप एवं डाउन लाइन की साफ-सफाई तथा साइट में मिट्टी की पुराई जैसे कार्यों में मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मस्टर रोल, संपूर्ण नस्ती एवं मजदूरों से प्रत्यक्ष पूछताछ कर किए गए मूल्यांकन में चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए हैं।

### दो से पांच एकड़ भूमि वाले बने "मनरेगा मजदूर"

जांच में सामने आया कि किवलारी-भैंसदही क्षेत्र के ऐसे लोगों के नाम पर मनरेगा भुगतान किया गया जिनके पास दो से पांच एकड़ कृषि भूमि है और जो नियमित रूप से खेती या अन्य फैक्ट्रियों में कार्यरत हैं। आरोप है कि यह सब रणजीत सिंह ठाकुर (सरपंच), विनोद तिवारी (सचिव) एवं जितेंद्र काछी (सहायक सचिव) की आपसी सहमति से किया गया।

### खातों में पैसा, फिर वापस वसूली

ग्रामीणों का आरोप है कि जिन लोगों ने काम ही नहीं किया, उनके खातों में भी मनरेगा की राशि डाली गई और बाद में वह पैसा सरपंच-सचिव-सहायक सचिव द्वारा वापस ले लिया गया। यहां तक कि ग्राम के एक किराना दुकानदार भगवान दास काछी ने बताया कि उनके, उनकी पत्नी और बेटे के खातों में भी मनरेगा से भुगतान दिखाया गया, जिससे दुकान की उधारी भी चुकता हो गई। दुकानदार के अनुसार यह भुगतान वास्तविक मजदूरी न होकर फर्जी तरीके से किया गया।

### फैक्ट्री मजदूर और कृषक भी सूची में

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जो लोग दूसरी फैक्ट्रियों में कार्यरत हैं या कृषि कार्य करते हैं, उनके खातों में भी मनरेगा की राशि डालकर वापस वसूली की गई। इसे ग्रामीणों ने शासन को चूना लगाने की सुनियोजित साजिश बताया है। मूल्यांकन पास कराने में इंजीनियर-अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप है कि यंत्री, उपयंत्री, इंजीनियर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से मस्टर और मूल्यांकन पास कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधि खुलेआम कहते हैं "जांच होती रहती है, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता, जो भी अधिकारी आएगा हमारे कर्मचारियों का ही साथ देगा।"

### सूत्रों के साथ आई टीम, कागजों में 'ओके', स्थल पर जांच जारी

सूत्रों के अनुसार से आई जांच टीम का कहना है कि कागजों में सब 'ओके' है, हालांकि स्थल मूल्यांकन अभी किया जा रहा है।

### सीईओ का बयान

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत) आयुषी उपाध्याय ने कहा—"खबर के प्रकाशन और आवेदन प्राप्त होने के बाद जांच टीम गठित कर दी गई है। जैसे ही प्रतिवेदन प्रस्तुत होगा, दोषियों पर बड़ी से बड़ी कार्रवाई की जाएगी।"




# रविदास धाम गौरीघाट में मूर्ति विसर्जन व सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर**। संत शिरोमणि सदगुरु रविदास धाम के नेतृत्व में 01 फरवरी को गुरु प्रकाश पर्व सम्पूर्ण जबलपुर में मनाया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक झांकियों एवं 50 गुरुजी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, सभी मूर्ति, गुरु रविदास धाम में लाई गईं, जिनका विसर्जन कार्यक्रम एवं सभी समितियों के अध्यक्षों का सम्मान समारोह 22 फरवरी को गौरीघाट में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में सभी स्वागत मंच, दानदाताओं, प्रकाश पर्व सफल बनाने में सभी गुरु प्रेमियों का सम्मान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय धर्म प्रचारक रामदयाल शास्त्री द्वारा गुरु वाणी कराई गई। साथ ही मुख्य अतिथि एड. रामराज एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष टीकाराम रवि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यमेश चौधरी, एड. अरविंद चौधरी, सेठ बालकिशन चौधरी, महासचिव लखनलाल चौधरी, डॉ. मणि चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, बाबूलाल, विनोद, मुन्ना मास्टर, राधे मास्टर, आशीष अहिरवार, संदीप सूर्यवंशी आदि का सहयोग रहा।

# विशाल अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया

**जबलपुर**। आज रमजान मुबारक का चौथा रोजा है शहर में जगह-जगह अफ़्तार ए आम का एहतेमाम किया जा रहा है! इसी कड़ी में उर्स सैय्यदा फातिमा जहरा सलामुल्लाह अलैह के मुबारक मौके पर हज़रत सूफी सैय्यद गुल अशरफ की बाफैजे रूहानी में मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी समीपस्थ अशरफ नगर में विशाल रोजे अफ्तार का एहतेमाम किया गया। सायं मगरिब की अजान बुलंद होते ही हजारो लोगों ने एक साथ अफ्तार किया। रोजा अफ्तार के बाद सामूहिक मगरिब की नमाज अदा की गई। नमाज उपरांत मुल्क की तरक्की खुशहाली के लिए खास दुआ की गई। रात्रि कुल शरीफ की फातिहा के साथ उर्स का समापन हुआ। गौसे किछौछा एकेडमी के सद्र फारूक अशरफी और सेक्रेटरी एडवोकेट आलमगीर अशरफी, शाकिर अशरफी व मुनव्वर अशरफी ने उर्स में आए तमाम अकीदतमंदों को शुक्रिया अदा किया। पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था हेतु आभार व्यक्त किया।



# शासकीय एसएस कालेज में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**सिहोरा**। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में हिंदी विभाग द्वारा विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें अभिव्यक्ति संस्था के साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार पाठक ने मातृभाषा हिंदी की वैश्विक स्थिति के विषय पर अपना उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ.अरुणा पाण्डे ने माता की भाषा को ही मातृ भाषा बताते हुए संबोधित किया। डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी (विभागाध्यक्ष हिंदी ) ने हिंदी की संवैधानिक स्थिति से परिचित कराया। प्राचार्य डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदी को सर्वप्रथम हमें आत्मसात करना चाहिए ।

# हमारे किसान केवल अन्नदाता नहीं वे धरती के सच्चे साधक हैं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी महानगर के सभी 1041 बूथों में प्रधानमंत्री के "मन की बात"

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने शहर के सभी 1041 बूथों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। हमारे किसान केवल अन्नदाता नहीं हैं वे धरती के सच्चे साधक हैं, मिट्टी को सोना बनाना क्या होता है, ये कोई हमारे किसानों से सीखे और हमारा आज का किसान तो परंपरा और तकनीक दोनों को साथ लेकर चल रहा है और मुझे ये देखकर खुशी होती है कि हमारे किसान अब सिर्फ उत्पादन नहीं, बल्कि गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन और नए बाजारों पर भी ध्यान दे रहे हैं। ओडिशा में हिरोद पटेल नाम के एक युवा किसान से जुड़ी जानकारी वाकई बहुत प्रेरक है। उन्होंने खेती को नए नजरिये से देखना शुरू किया। अपने खेत के तालाब के ऊपर उन्होंने मजबूत जालीदार ढांचा बनाया। उस पर बेल वाली सब्जियां उगाई, तालाब के चारों ओर केले, अमरूद और नारियल लगाए और तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। यानि एक ही जगह पारंपरिक खेती भी हो रही है, सब्जी भी, फल भी, मछली भी। इससे जमीन का बेहतर उपयोग हुआ, पानी की बचत हुई





और अतिरिक्त आमदनी भी मिली। आज दूर-दूर से किसान उनका **model** देखने आते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केरला के त्रिसूर जिले में एक गांव ऐसा है, जहां एक ही खेत में 570 तरह की धान की किस्में लगाई जाती हैं। इसमें स्थानीय किस्में भी हैं, हर्बल किस्में भी हैं और दूसरे राज्यों से लाई गई प्रजातियां भी हैं। ये केवल खेती नहीं, बीजों की विरासत को बचाने का महा अभियान है। हमारे किसानों की मेहनत का असर आंकड़ों में भी दिख रहा है। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है। 15 करोड़ टन से अधिक चावल का उत्पादन, ये छोटी उपलब्धि नहीं है। हम अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं और दुनिया की फूड बॉस्केट में योगदान भी दे रहे हैं।अब तो कृषि उत्पाद हवाई मार्ग से भी ज्यादा आसानी से विदेश पहुंच रहे हैं। ये उत्पाद अपने स्वाद और गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं और इन्हें **GI** टैग भी मिला है। आज का किसान क्वालिटी भी चाहता है, क्षमता भी बढ़ा रहा है और अपनी पहचान भी बना रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में **AI**, खेल एवं बच्चों की परीक्षा जैसे विषयों के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की।"मन की बात" कार्यक्रम मध्यप्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पराजपे, रिकुंज विज, शरद जैन, जीएस ठाकुर, सदानंद गोडबोले, दीपांकर बैनर्जी, एसके मुद्दीन, शरद अग्रवाल, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, पंकज दुबे, रंजीत पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

# दौड़ में दिखा फिटनेस और सामाजिक जागरूकता का संगम

## श्री सत्य सांई रन एंड राइड में निर्वाचन साक्षरता क्लब के विद्यार्थियों की रहीं ऊर्जावान सहभागिता

**जबलपुर**। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित "श्री सत्य सांई रन एंड राइड" कार्यक्रम में जबलपुर निर्वाचन साक्षरता क्लब (ELC) के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रातः 5:30 बजे शिवाजी ग्राउंड, सदर जबलपुर में एकत्रित होकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निर्वाचन साक्षरता क्लब के जिला समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन, उत्साह और सामूहिक ऊर्जा का परिचय देते हुए रन एवं साइक्लिंग गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सफेद टी-शर्ट में सुसज्जित विद्यार्थियों द्वारा जुम्बा एवं वार्म-अप गतिविधियों से हुई, जिसके पश्चात दौड़ और राइड में सभी ने आनंदपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि जबलपुर जिले के प्रत्येक महाविद्यालय में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को बहुआयामी स्वरूप प्रदान करने हेतु वर्षभर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली, टीम भावना एवं सेवा भाव का विकास होता है। कार्यक्रम में डॉ. शुभम जैन सहित फाउंडेशन की किरण खरे, सुजाता राव, जे.पी. राव उपस्थित रहे। निर्वाचन साक्षरता क्लब से ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट के अभिषेक पाण्डेय एवं श्री मूर्ति, नचिकेता महाविद्यालय की कीर्ति नायडू, हितकारिणी महिला बी.एड. महाविद्यालय की निधि माथुर, आदित्य महाविद्यालय के दीपल त्रिवेदी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अनुराग डेंगरे गुप्ता बने प्रदेश संयोजक, आयोग ने जताया भरोसा

**पनागर**। राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग द्वारा जबलपुर निवासी अनुराग डेंगरे गुप्ता को प्रदेश संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार एवं जनहित से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है। आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोर कमेटी ने श्री गुप्ता की कार्यक्षमता, संगठनात्मक अनुभव और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति के उपरांत आयोग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे प्रदेश में लोक शिकायतों के निवारण एवं जांच कार्यों को और अधिक सशक्त बनाएंगे।श्री गुप्ता की नियुक्ति से जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है।

# भारत स्काउट एंड गाइड का 100वां विश्व चिंतन दिवस मनाया गया

**जबलपुर**। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जबलपुर द्वारा 100वें विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर आयोजित स्काउट-गाइड सम्मान समारोह रविवार को यश हायर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर में उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए स्काउट, गाइड, स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ किया गया। इसके पश्चात वर्षभर समाज सेवा, स्वच्छता अभियान, आपदा सहायता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा स्काउट-गाइड आंदोलन के प्रति समर्पण भाव से उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्काउट, गाइड, स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष एवं जिला संघ अध्यक्ष रिकुंज विज तथा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला संरक्षक अजय तिवारी, उपाध्यक्ष सोनल तिवारी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रभक्ति के गुण विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विश्व चिंतन दिवस को वैश्विक भाईचारे एवं मानव सेवा का प्रतीक बताया। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने जिले की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और वे समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जिला सचिव व्ही.के. झारिया एवं संयुक्त सचिव अमिता चौधरी ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों तथा प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अंजना वर्मा एवं राहुल राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन ने अधारताल चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को शांति और प्रेम का संदेश दिया।

## निधन

**श्री झलकन प्रसाद मिश्रा:** श्री झलकन प्रसाद मिश्रा उम्र 82 वर्ष निवासी प्रेमनगर वार्ड 27 बालाघाट का स्वर्गलोक गमन हो गया है। बाबूजी की शव यात्रा निज निवास बालाघाट से 12:00 निकाली जाएगी। अंत्येष्टि का कार्यक्रम जागपुर घाट में किया जाएगा।



**श्रीमती माया पाण्डेय-** राजुल टाउनशिप तिलहरी श्री राम अवतार पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती माया पाण्डेय (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवकुमारी गुप्ता-** ईसाई मोहल्ला हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री मोहन लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी गुप्ता (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनुपम ठाकुर-** छापर विजयनगर निवासी श्री अनुपम ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री बाई पीपड़ा-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री किशन पीपड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई पीपड़ा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रूक्मणी बाई पटेल-** अधारताल हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री राम सिंह पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी बाई पटेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक चक्रवर्ती-** राधाकृष्णन वार्ड कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री मनोज चक्रवर्ती के पुत्र श्री दीपक चक्रवर्ती (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपक पटेल-** गुरूकृपा परिसर कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री जगदीश पटेल के पुत्र श्री दीपक पटेल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रेमा बाई बेन- रामपुर आजाद चौक बेन मोहल्ला निवासी श्री राजू बेन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमा बाई बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार पांडे-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री राजकुमार पांडे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. हंसिका वर्मा-** गली नं. 2, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री हितेश वर्मा की पुत्री कु. हंसिका वर्मा (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद नामदेव-** इंद्रा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री जगदीश प्रसाद नामदेव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शीश लाल चौधरी-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री शीश लाल चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम दास-** बेलबाग तिराहा निवासी श्री श्याम दास (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूला बाई चौधरी-** झिन्ना मोहल्ला बारूद खाना निवासी श्री रामसिया चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश चंद्र नायक-** गढ़ाफाटक लाल स्कूल के पास निवासी श्री रमेश चंद्र नायक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम कुमार चौधरी के पुत्र श्री कमलेश चौधरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अभिलाष तिवारी-** अंधेरदेव निवासी श्री सूर्य कुमार तिवारी के पुत्र श्री अभिलाष तिवारी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# अब नैनोसेकंड में होंगे एनएसई में ट्रेड, 1000 गुना बढ़ जाएगी ट्रेडिंग की रफ्तार

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने की झारखंड की परियोजनाओं की समीक्षा



**रांची।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को झारखंड और बिहार में समूह की परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रमुख बिजली निवेश की समीक्षा की, जो पूर्वी भारत में समूह की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करते हैं।

### दिसंबर में हुई 10.02 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री



**मुंबई।** भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच भारतीय रुपये में भारी उतार-चढ़ाव रहने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की। दिसंबर लगातार सातवां महीना है जब केंद्रीय बैंक ने हाजिर मुद्रा बाजार में शुद्ध रूप से डॉलर की बिक्री की है।

### सरसों और मूंगफल्ली तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से नयी फसल की खरीद से पहले सरसों, सोयाबीन, मूंगफली के पुराने स्टॉक की बिकवाली किये जाने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही। मूंगफली के नरम रहने से बिनौला तेल के दाम में भी गिरावट रही।

### व्यापार सूचकांकों का आधार वर्ष बदला गया



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव की घोषणा कर इसे 2012-13 से बदलकर 2022-23 कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था में आए ढांचागत बदलावों, व्यापार के बदलते तौर-तरीकों और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### अरविंदो फार्मा को पेन-जी उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** अरविंदो फार्मा को अगले 12 महीनों में अपने पेनिसिलिन-जी (पेन-जी) का उत्पादन सालाना आधार पर बढ़ाकर 10,000 टन से अधिक करने की उम्मीद है। यह भी उम्मीद है कि चीन स्थित उसका विनिर्माण संयंत्र चौथी तिमाही में कर-पूर्व आय (एबिटा) के स्तर पर घाटे से उबर जाएगा और अगले साल शुद्ध लाभ में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### लोढ़ा डेवलपर्स चौथी तिमाही में 1200 करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** देश की रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में एक लोढ़ा डेवलपर्स चालू वित्तवर्ष की चौथी तिमाही में निर्माण गतिविधियों पर 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कारोबार के विस्तार के लिए वित्तवर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वह लगभग 13,000 करोड़ रुपये के अनुमानित बिक्री मूल्य वाली 12 आवासीय परियोजनाएं पेश करेगी।

---

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के दो प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों में से एक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ट्रेडिंग टेक्नोलॉजी में बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है।

■ माइक्रो सेकेंड से नैनो सेकेंड लेवल तक ले जाने का लक्ष्य

एक्सचेंज ने अपने रिस्पॉन्स टाइम को और घटाने की योजना बनाई है और इसे माइक्रो सेकेंड से नैनो सेकेंड लेवल तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। एनएसई के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि इससे एक्सचेंज हर सेकेंड करीब 10 करोड़ ट्रांजेक्शन हैंडल करने में सक्षम हो जाएगा। फिलहाल एनएसई का रिस्पॉन्स टाइम करीब 100 माइक्रो सेकेंड है, जिसमें प्रति सेकेंड लगभग 50 से 60 लाख ट्रांजेक्शन प्रोसेस होते हैं। चौहान ने कहा कि नैनो सेकेंड लेवल पर जाने से स्पीड मौजूदा सिस्टम के मुकाबले लगभग 1000 गुना तक बढ़ जाएगी। एक सेकेंड में 10 लाख माइक्रो सेकेंड होते हैं, जबकि नैनो सेकेंड की संख्या अरबों में होती है, जिससे ट्रेडिंग सिस्टम की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

#### एक्सचेंज ने अपने रिस्पॉन्स टाइम को और घटाने की योजना बनाई

#### एआई की मदद से काम होगा तेज

चौहान ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी ट्रेडिंग टेक्नोलॉजी को सस्ता और ज्यादा एफिशिएंट बना सकता है। इसके अलावा एनएसई नए एसेट क्लास में भी विस्तार कर रहा है, जिसमें बिजली फ्यूचर्स और गोल्ड फ्यूचर्स जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट्स फॉर डिफरेंस पर भी काम चल रहा है और 10 ग्राम गोल्ड फ्यूचर्स जल्द ही ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध होंगे, जिन्हें सेबी से मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम दिखाता है कि एनएसई ग्लोबल लेवल की हाई स्पीड ट्रेडिंग टेक्नोलॉजी की ओर तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारतीय शेयर बाजार की टेक्नोलॉजी क्षमता दुनिया के टॉप एक्सचेंजों के बराबर हो सकती है।




#### इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार और नए प्रोडक्ट्स की तैयारी

बढ़ती ट्रेडिंग डिमांड को देखते हुए एनएसई अपने को-लोकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है। फिलहाल एक्सचेंज के पास 2000 से ज्यादा कोलो रैक्स हैं और इसे बढ़ाकर करीब 4500 रैक्स तक ले जाने की योजना है। कोलोकेशन सर्विस के जरिए ट्रेडिंग मेंबर्स अपने सर्वर सीधे एक्सचेंज के डेटा सेंटर में रख सकते हैं, जिससे नेटवर्क लेटेंसी कम होती है और ऑर्डर एग्जिक्यूशन बेहद तेज हो जाता है।

#### स्पीड बढ़ने के साथ बढ़ेगा साइबर रिस्क

चौहान ने यह भी चेतावनी दी कि इतनी तेज स्पीड के साथ साइबर सिक्योरिटी का खतरा भी बढ़ सकता है। उन्होंने ब्रोकर्स और टेक्नोलॉजी वेंडर्स से साइबर सिक्योरिटी फ्रेमवर्क को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि अगर साइबर सुरक्षा में चूक हुई तो पूरा सिस्टम ठप पड़ सकता है, इसलिए सभी टेक्नोलॉजी पार्टनर्स को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

---

### कच्चे तेल की आयात रणनीति नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही

# सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी, प्रतिबंधों के दबाव में रूस से कच्चे तेल का आयात घटा: रिपोर्ट

भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया।

यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है।




#### खास बातें

- पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता फिर अपनी हिस्सेदारी हासिल कर रहे
- रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है
- भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48 .5 लाख बैरल प्रति

#### रूस से दिसंबर 2025 में आपूर्ति 12.8 लाख बीपीडी थी

जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई।

#### बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात को अनुमति

हमारा अनुमान है कि व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के कारण, 2024-2025 की तुलना में 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाएगी।'' अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी है जो भारत को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात की अनुमति देती है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती।

#### रूस से भारी छूट मिलने के कारण खरीद शुरू की थी

वर्ष 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद भारी छूट पर मिलने के कारण भारत ने रूसी तेल की खरीद बड़े पैमाने पर शुरू की थी, लेकिन अब यह आवक बढ़ने के बजाय स्थिर होती दिख रही है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, हम इसे एक अल्पकालिक स्थिरता के रूप में देख रहे हैं, न कि 2025 के मध्य में देखे गए उच्चतम स्तर पर वापसी के रूप में।

#### खाड़ी देशों से आपूर्ति बढ़ते जा रही

जैसे-जैसे रूसी तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया खाड़ी देश इस कमी को पूरा कर रहे हैं। रितोलिया ने बताया कि सऊदी अरब से होने वाली आपूर्ति फरवरी में 10 लाख से 11 लाख बीपीडी तक पहुंचने की उम्मीद है, जो नवंबर, 2019 के बाद का उच्चतम स्तर है। महीने की शुरुआत से अब तक सऊदी अरब से आने वाले तेल का प्रवाह लगभग 14 लाख बीपीडी दर्ज किया गया है।

#### यूएई बना भारत को सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

हालांकि, मार्च की शुरुआत में इसमें कुछ नरमी आने की संभावना है।वर्तमान रुझानों के आधार पर, सऊदी अरब फरवरी में भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है, जिसके बाद रूस और इराक का नंबर आता है।

---

## एफएमसीजी कंपनियों को अगले वित्त वर्ष में बिक्री मात्रा बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- महंगाई घटने व कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से मुनाफे पर कम दबाव
- अक्टूबर से दिसंबर में कंपनियों ने उच्च स्तर की मात्रा में वृद्धि की

देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में उनकी वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी। कंपनियों का कहना है कि महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से उनके मुनाफे पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों ने मध्यम से उच्च स्तर की मात्रा वृद्धि दर्ज की। हाल की बैठकों में उद्योग के दिग्गजों ने कहा कि कई महीनों की अस्थिरता के बाद कारोबार का माहौल अब बेहतर हो रहा है।

आवश्यक कच्चे माल जैसे खाद्य तेल, गेहूं, नारियल और रसायनों की कीमतें कम हुई हैं। साथ ही जीएसटी दरों में सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि और अच्छी फसल के कारण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने पहले ही चालू वित्त वर्ष में मामूली मूल्य वृद्धि की है और अब उनका मानना है कि वृद्धि कीमतों के बजाय बिक्री की मात्रा से होगी। डाबर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई काफी बढ़ी थी। अब महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है।

#### गेहूं का आटा तीसरी तिमाही में सस्ता हुआ

ब्रिटानिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हर्गेव ने कहा कि उनकी कंपनी के लिए कच्चे माल की कीमतें स्थिर हैं और मुनाफा अच्छा बना हुआ है। विशेष रूप से गेहूं का आटा तीसरी तिमाही में थोड़ा सस्ता हुआ है।

---

## एफएंडओ निपटान की वजह से शेयर बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- ट्रंप के शुल्क विश्लेषक निर्णय भी बाजार पर डालेंगे असर
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दिशा तय करेगी

घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों, मासिक वायदा व विकल्प (एफएंडओ) निपटान और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्कों में की गई बढ़ोतरी से जुड़े वैश्विक घटनाक्रमों के कारण अगले सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मौद्रिक संकेतों से भी बाजार की दिशा तय होगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, /''आगामी सप्ताह में बाजार के अस्थिर रहने की संभावना है, विशेष रूप से 24 फरवरी को होने वाले मासिक एफएंडओ निपटान के कारण।

#### आईटी शेयरो में सुस्ती रही

बैंकिंग, वित्तीय, बिजली और चुनिंदा एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी से वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़े बदलावों और मार्जिन दबाव की चिंताओं के कारण आईटी शेयरों में सुस्ती रही।

बाजार सीमित दायरे में रह सकता है: हालांकि, बड़े शेयरों में मजबूती और 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी को लेकर बने उत्साह ने बाजार को सकारात्मक दायरे में बनाए रखा। विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में घरेलू बाजार एक सीमित दायरे में रह सकता है, जहां नकदी का प्रवाह और वैश्विक जोखिम धारणा बाजार के लिए मुख्य कारक साबित होंगे।

---

## दोपहिया उद्योग 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ टीवीएस मोटर के सीईओ राधाकृष्णन ने कहा, जीएसटी कटौती का मिलेगा लाभ

दोपहिया उद्योग के दीर्घावधि में सालाना आठ से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। टीवीएस मोटर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के एन राधाकृष्णन ने यह बात कही है। राधाकृष्णन ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती, बुनियादी ढांचे पर खर्च तथा अर्थव्यवस्था की कुल वृद्धि से दोपहिया उद्योग को रफ्तार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्लेषकों ने कहा कि अगले साल की पहली छमाही भी बिक्री वृद्धि के मामले में 'बहुत अच्छी' रहने की उम्मीद है, क्योंकि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उद्योग को मिलता रहेगा। तीसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन के बाद दोपहिया उद्योग की वृद्धि संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर, मेरा पक्का मानना है कि हम दीर्घावधि के आधार पर सालाना आठ से नौ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

---

## अमेरिकी अर्थव्यवस्था पड़ी दिसंबर तिमाही में सुस्त




**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार दिसंबर तिमाही में सुस्त होकर 1.4 प्रतिशत रह गई। यह सितंबर तिमाही की 4.4 प्रतिशत और उससे पहले की तिमाही की 3.8 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले काफी कम है। वाणिज्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी और उपभोक्ता खर्च में आई कमी वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की सुस्ती का मुख्य कारण रही। उपभोक्ता खर्च में केवल 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर तिमाही की 3.5 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले काफी कम है। यह रिपोर्ट अमेरिकी अर्थव्यवस्था की एक विरोधाभासी तस्वीर पेश करती है, जहां वृद्धि दर स्थिर है लेकिन रोजगार के नए अवसर नहीं पैदा रहे हैं। साल 2025 में आर्थिक वृद्धि 2.2 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर रही।

---

**कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश**
नर्मदा रोड़, रामपुर पेट्रोल पम्प के पास, जबलपुर - 482001
दूरभाष-0761-2666522
ई-मेल-spiu.dsdmp@gmail.com वेबसाईट- mpskils.gov.in

क्रमांक.कोविसं/फनीचर/2025-26/1075/जबलपुर दिनांक 18/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (GeM पोर्टल)**

ऑनलाइन निविदाएँ Government e-Marketpace (GeM) पोर्टल के माध्यम से विभिन्न शासकीय आईटीआई हेतु विभिन्न ट्रेडों के फर्नीचर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग के लिए आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा विवरण:**
1. GeM बिड संख्या: GeM/2026/B/7247810
2. GeM पर प्रकाशन तिथि: 18-02-2026
3. प्री-बिड बैठक की तिथि: 24-02-2026
समय: प्रात: 15:00 बजे
स्थान: संचालनालय कौशल विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल कैम्प कार्यालय, गैस राहत आईटीआई, चौथी मंजिल, गोविंदपुरा, भोपाल।
4. बिड समाप्ति दिनांक एवं समय : 05-03-2026, दोपहर 13:00 बजे तक
5. बिड खोलने की तिथि एवं समय : 05-03-2026, दोपहर 13:30 बजे
6. ईएमडी राशि: 16,86,000/-
7. बिड ऑफर वैधता: 180 दिवस

विस्तृत तकनीकी विनिर्देश, पात्रता मानदंड एवं नियम एवं शर्तें GeM पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं पात्र निविदाकारों को निर्धारित समयावधि के भीतर केवल GeM पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करनी होगी। ऑफलाइन निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित ।

G-26234/25 उप संचालक
कौशल विकास मध्यप्रदेश,जबलपुर

**कार्यालय महाधिवक्ता मध्यप्रदेश, जबलपुर**

क्र./कार्या.महा./1785 जबलपुर दिनांक-20/02/2026

**जेम पोर्टल पर निविदा की सूचना**

महाधिवक्ता कार्यालय में आई. टी. हार्डवेयर क्रय करने के लिए जेम पोर्टल (https://gem.gov.in/) पर निविदा (GEM / 2026 /B/7265289 ) आमंत्रित की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 02.03.2026 है । पोर्टल पर पंजीकृत विक्रेता उक्त निविदा में भाग ले सकते है ।

अवर सचिव
G-26264/25 महाधिवक्ता कार्यालय मध्य प्रदेश जबलपुर

**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / / ई-टेंडरिंग / 2025-26 बालाघाट, दिनांक - -2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वनमण्डल अधिकारी दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित - 2022 ) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S. NO. | Tender ID | Tender Reference Number | Tender Title | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_MPFD _483632_1 | 1473 | Work station, Desktop Computer and Multifunction Printer Purchase. | 69000 |
| 2 | 2026_MPFD _483637_1 | 1472 | Torch, Dragon Torches Backpack Leaf Blower And etc Material. | 73830 |
| 3 | 2026_MPFD _483620_1 | 1471 | Rescue Material And Other Material Purchase. | 56349 |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 20-02-2026, बजे 11:00 AM से दिनांक 27-02-2026, बजे 04:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in 6. प्रि-बिड मिटिंग का विवरण संबंधित निविदा पर प्रकाशित किया गया है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publish Date | 20.02.2026 | 11.00 AM |
| 2 | Document Sale Start Date | 20.02.2026 | 11.00 AM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 20.02.2026 | 11.00 AM |
| 4 | Bid Submission End Date | 27.02.2026 | 04.00 PM |
| 5 | Bid Opening Date | 28.02.2026 | 05.00 PM |

वनमण्डलाधिकारी
G-26273/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**
Phone-0761-2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्र.50 से 52/2025-26/तक./का.यं./लो.स्वा.यां.मैके.खण्ड/जबलपुर दिनांक 17.02.2026

**ऑन-लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार प्रतिष्ठित फर्मो/एजेन्सी/व्यक्ति से ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रुपए (रुपए में | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की प्रारंभिक दिनांक | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 50/ 2025 -26 | 2025_ PHED_ 483205_1 | मैके. उपखण्ड जबलपुर हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन कराने बावत्। (तृतीय आमंत्रण) | 3,04,500 | 6,090 | 2000 | 18.02.2026 | 02.03.2026 |
| 2 | 51/ 2025 -26 | 2025_ PHED_ 483214_1 | मण्डला में बैन्टोनाईट पाऊडर की पूर्ती बावत्। (द्वितीय आमंत्रण) | 85000 | 1700 | 1000 | 18.02.2026 | 02.03.2026 |
| 3 | 52/ 2025 -26 | 2025_ PHED_ 483227_1 | मण्डला में ग्रेवलपैक नलकूपों हेतु ग्रेवल की पूर्ती बावत्। | 8,46,000 | 16,920 | 2000 | 18.02.2026 | 02.03.2026 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं होगा ।

(एस.के. कुरील) कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. मैके खण्ड जबलपुर
G-26237/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## चिंतन

# ट्रेड डील पर सावधान और सतर्क रहने की जरूरत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) पर अनिश्चितता एक बार फिर गहरा गई है। 23 से 26 फरवरी तक वाशिंगटन में होने वाली बैठक का टल जाना केवल एक तारीख का बदलना नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक व्यापार समीकरणों का संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी रुख में 24 घंटे के भीतर आए बदलावों ने इस अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। पहले सभी वैश्विक टैरिफ को समाप्त करने की बात, फिर 10% का सार्वभौमिक टैरिफ और उसके तुरंत बाद 15% का संशोधित टैरिफ यह क्रम बताता है कि अमेरिकी व्यापार नीति फिलहाल स्थिरता से दूर है। यह अस्थिरता किसी भी देश के लिए रणनीतिक चुनौती से कम नहीं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है संयम, विवेक और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। मूल प्रस्ताव में भारत पर 18% टैरिफ लागू होने की बात थी। अब जब 15% का ग्लोबल टैरिफ प्रभावी हो रहा है, तो तकनीकी रूप से यह भारत के लिए अपेक्षाकृत राहत की स्थिति है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस राहत को स्थायी माना जा सकता है? जब नीतिगत फैसले इतने कम समय में बदल रहे हों, तब किसी भी समझौते को अंतिम मान लेना जोखिम भरा हो सकता है। यदि अमेरिकी प्रशासन का रुख अस्थिर बना रहता है, तो भारत को हर शर्त का सूक्ष्म मूल्यांकन करना होगा, ताकि भविष्य में अचानक नीति परिवर्तन से भारतीय निर्यातकों को नुकसान न उठाना पड़े। प्रस्तावित समझौते में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। जेनेरिक दवाओं, रत्न एवं हीरे और विमान पार्ट्स पर जीरो टैरिफ की बात भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर हो सकती है। टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की संभावना है। अमेरिका का लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार भारतीय एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकता है। विशेषकर फार्मास्यूटिकल सेक्टर, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति रखता है, उसे बेहतर शर्तों के साथ प्रवेश मिलने से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होंगे, जब शर्तें स्पष्ट, स्थिर और पारदर्शी हों। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि टैरिफ में दी गई छूट या रियायतें अस्थायी राजनीतिक फैसलों की भेंट न चढ़ें। विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट और ऑटो पार्ट्स के लिए टैरिफ रेट कोटा जैसी व्यवस्थाएं भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर भविष्य में किसी भी समय नई शर्तें जोड़ सकता है। भारत को चाहिए कि वह इन प्रावधानों को केवल निर्यात अवसर के रूप में न देखे, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने की रणनीति के साथ जोड़े। अमेरिकी नीति में दिख रही अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भारत को जल्दबाजी में कोई अंतिम निर्णय नहीं लेना चाहिए। समीक्षा, पुनर्मूल्यांकन और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ही आगे बढ़ना समझदारी होगी। कुल मिलाकर बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत को उत्साह नहीं, बल्कि संयम, सावधानी और सतर्कता के साथ कदम बढ़ाने होंगे। यही नीति देश के किसानों, उद्योगों और उभरते उद्यमियों के हितों की वास्तविक रक्षा कर सकेगी।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

> 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन 15% के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का 20% निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय से सिद्ध है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इसका लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति प्रदर्शित कर सकता है।

# बदलता टैरिफ और भारत की रणनीति

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी, क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। ये नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहां वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट 2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहां निर्यातकों को राहत देने के




लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहां से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए। जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था।

डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस पक्ष का लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए एक अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ताएं इस गतिरोध को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अंततः, ट्रंप प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियां भारत को अपनी आर्थिक नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का संदेश दे रही हैं। यह विवाद न केवल एक चुनौती है, बल्कि भारत के लिए अपनी विनिर्माण शक्ति को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक संकेत भी है। यदि भारत चतुराई और दृढ़ता के साथ अपनी रणनीति पर चलता है, तो वह इस संकट को एक ऐसे अवसर में बदल सकता है जहां उसकी अर्थव्यवस्था और अधिक लचीली, विविध और स्वतंत्र होकर उभरेगी। वैश्विक व्यापार के इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका एक तटस्थ और नियम-पालक राष्ट्र की होनी चाहिए जो अपने हितों की रक्षा के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता का भी सम्मान करे। संतुलित मार्ग ही वह एकमात्र रास्ता है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा और उसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक विश्वसनीय केंद्र बनाएगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कला बनाम समुदाय

अम्बरीष प्रजापति



# फिल्म 'घूसखोर पंडित' विवाद और अभिव्यक्ति

भारतीय सिनेमा और विवादों का चोली-दामन का साथ रहा है, लेकिन हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडित' के नाम पर मचे बवाल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आर्टिकल 19(1)(a) की सीमाओं को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है। फिल्म के शीर्षक को लेकर न केवल सामाजिक विरोध हुआ, बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना ही पड़ा। फिल्म के निर्माता नीरज पांडे और मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का शीर्षक जैसे ही सार्वजनिक हुआ। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया। जनता की भावना यह थी कि 'घूसखोर' जैसे नकारात्मक विशेषण को एक विशिष्ट जाति सूचक शब्द पंडित के साथ जोड़ना पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने और रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अलावा कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। यहां तक कि एफआईआर भी दर्ज की गई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए फिल्म निर्माताओं को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी समुदाय को नीचा दिखाने वाला शीर्षक नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ है। जस्टिस नागरत्ना ने याद दिलाया कि हमारे संविधान निर्माताओं ने विविधता के बीच भाईचारे की अवधारणा रखी थी, जिसे कला के नाम पर खंडित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने दो टूक कहा कि जब तक शीर्षक नहीं बदला जाता, फिल्म रिलीज नहीं होगी। उसके बाद अभी ताजा सुनवाई में फिल्म निर्माताओं ने अदालत में हलफनामा दायर कर सूचित किया कि उन्होंने 'घूसखोर पंडित' शीर्षक को पूरी तरह वापस ले लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फिल्म से संबंधित सभी पुराने प्रोमोशनल मटेरियल हटा दिए गए हैं और नया नाम ऐसा होगा जो पुराने नाम से मिलता-जुलता नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

यह विवाद फिल्म सेंसर बोर्ड और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ओटीटी के नियमों पर भी सवाल उठाता है। आमतौर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्मों को सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 के तहत कड़े दौर से गुजरना पड़ता है, लेकिन ओटीटी सामग्री को लेकर नियम थोड़े अलग हैं। क्या ओटीटी प्लेट फॉर्म्स को भी फिल्मों की तरह सेंसर बोर्ड के कड़े दायरे में आना चाहिए? यह विवाद कोई पहली बार नहीं है इससे पहले भी पद्मावत, लक्ष्मी, सत्य प्रेम की कथा, बिल्लू बार्बर, रामलीला, मेंटल है क्या, लवरात्रि, पृथ्वीराज और सिंह साहिब द ग्रेट जैसी कई फिल्मों के समय भी हुआ था। धार्मिक प्रतीकों, नाम के गलत इस्तेमाल या सामुदायिक भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के दावों के चलते दबाव में इन फिल्मों के नाम बदलने पड़े थे।

"फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन और जागरूकता होना चाहिए। जब कला विवादों की ढाल बनकर किसी की भावनाओं को आहत करती है, तो वह अपनी मौलिकता खो देती है। 'घूसखोर पंडित' विवाद भारतीय फिल्मकारों के लिए एक चेतावनी भी है और जिम्मेदारी का पाठ भी।"

विवाद के बाद फिल्म के ट्रेलर री-एडिट करने, डिजिटल मार्केटिंग से पुराने नाम के लिंक हटाने और नई ब्रांडिंग करने में आने वाला भारी खर्च का नुकसान होना। विवादों में आने से फिल्म की नेगेटिव पब्लिसिटी से कई बार बड़े ब्रांड्स विज्ञापन से हाथ खींच लेते हैं जिसके कारण भारी आर्थिक नुकसान का खामियाजा झेलना पड़ता है। इसलिए फिल्म निर्माताओं को फिल्म की घोषणा से पहले ही 'सोशल ऑडिट' या कानूनी सलाह लेनी चाहिए ताकि बाद में होने वाले आर्थिक नुकसान व विवाद से बचा जा सके।

सिनेमा समाज का दर्पण है, लेकिन दर्पण को ऐसा नहीं होना चाहिए जो किसी वर्ग विशेष की छवि को विकृत ही कर दे। घूसखोर पंडित विवाद यह सीख देता है कि क्रिएटिव फ्रीडम का अर्थ 'जिम्मेदारी से मुक्ति' नहीं है। कला तभी सार्थक है जब वह समाज को जोड़ने का काम करे, न कि विवादों के जरिए सुर्खियां बटोरने का। फिल्म की सफलता उसके शीर्षक के विवाद में नहीं, बल्कि उसकी कथावस्तु में होनी चाहिए। यदि कहानी दमदार है, तो नाम बदलने से उसकी आत्मा नहीं मरती। फिल्मकारों को अब समझना होगा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में 'अभिव्यक्ति' और 'संवेदनशीलता' को एक ही पटरी पर साथ चलना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित
**दर्शन**

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## कहां निवास करतीं हैं लक्ष्मी जी



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

शिक्षण संस्थानों में फूहड़ मनोरंजन

विद्यालय किसी भी राष्ट्र की आत्मा का निर्माण करते हैं। यही वे स्थान हैं जहां से समाज की दिशा तय होती है और आने वाली पीढ़ियों के विचार, मूल्य तथा व्यवहार गढ़े जाते हैं। एक सभ्य समाज की पहचान उसके विद्यालयों से होती है, क्योंकि यहीं बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादाविहीन प्रस्तुतियां सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। **-विवेक चौबे**, रायपुर

## करंट अफेयर


# वेनेजुएला की आम माफी योजना में रिहा होंगे कैदी



वेनेजुएला में राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए कम से कम 1,557 लोगों ने इस सप्ताह पारित हुए माफी विधेयक के तहत अपने आवेदन जमा कर दिए हैं और उनके रिहा होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को पारित किए गए इस कदम से विपक्षी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों, पत्रकारों और महीनों या वर्षों से हिरासत में रखे गए कई अन्य लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने एक तरह से यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा हुआ है। राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि इससे पहले दक्षिण अमेरिकी देश के अधिकारी दशकों से किसी राजनीतिक कैदी को हिरासत में रखे जाने की बात से इनकार करते रहे हैं। यह पिछले महीने देश की राजधानी काराकस में तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिकी सेना की कार्रवाई के बाद नीति में आया नवीनतम बदलाव है। 'नेशनल असेंबली' के नेता जॉर्ज रोड्रिगेज ने शनिवार को कहा, 'आज तक 1,152 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे कुल आवेदनों की संख्या 1,557 हो गई है जिन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों हैं?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## X ट्रेंड

### नए युग का साक्षी



आज उत्तर प्रदेश समेत पूरा देश वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के नए युग का साक्षी बन रहा है। मेरठ मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के नए सेक्शन के शुभारंभ से एनसीआर के लोगों का जीवन और अधिक सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### अवैध प्रवासियों को बाहर करेंगे



अगर देश नक्सलवाद से मुक्त हो सकता है, तो घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से हटाया जाएगा, बल्कि अगले पांच वर्षों में देश से भी बाहर किया जाएगा। नक्सलवाद को भी 31 मार्च तक पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। इससे देश लाल आतंक से मुक्त होगा। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### जिम्मेदारी से बोलते हैं राहुल



राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे जिम्मेदारी से बोलते हैं, कैजुअली नहीं। वे तथ्यों के आधार पर बोलते हैं और जो भी कहते हैं, उसके सबूत देते हैं। सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में चर्चा हो। महिला सांसदों पर आरोप लगाए गए। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। **-जयराम रमेश**, कांग्रेस सांसद

### ममता की नीति सफल नहीं होगी



शायद ममता बजर्नी को लग रहा है इस बार चुनाव में गैर-बंगाली लोग उनकी पार्टी टीएमसी को वोट नहीं देंगे। इसीलिए वह प्रवासी बांग्लादेशी मजदूरों पर हमले का मुद्दा भुनाना चाहती हैं। लेकिन ममता की यह नीति सफल नहीं होगी। **-अधीर रंजन** चौधरी, कांग्रेस नेता

हमारा पता
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हिमाचल प्रदेश की फिजाओं में जल्द ही बारूद की गंध और कमांडो के कदमताल सुनाई देंगे। भारत और अमेरिका की सेनाएं एक साथ मिलकर दुश्मन को धूल चटाने की तैयारी करेंगी। राज्य के बकलोह में आज 23 फरवरी से 'वज्र प्रहार' एक्सरसाइज शुरू होने जा रही है। यह संयुक्त अभ्यास 16 मार्च तक चलेगा। इसमें दोनों देशों की स्पेशल फोर्स अपनी ताकत दिखाएंगी।

# आज से वज्र प्रहार एक्सरसाइज, पहाड़ों में गरजेंगे भारत-अमेरिका के एलीट कमांडो...!

## दुश्मन के लिए खतरे की घंटी, 23 फरवरी से 16 मार्च तक संयुक्त अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में भले ही उतार-चढ़ाव रहे हों, लेकिन रक्षा संबंध अटूट हैं। डिफेंस डिप्लोमेसी पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। दोनों देशों की मिलिट्री के बीच तालमेल लगातार बेहतर हो रहा है। 'वज्र प्रहार' एक्सरसाइज की शुरुआत साल 2010 में हुई थी। यह दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित होती है। इसमें केवल एलीट कमांडो ही हिस्सा लेते हैं।

### आतंकवादियों के खिलाफ सीखेंगे युद्ध कौशल

इस अभ्यास का मुख्य मकसद आतंकवाद के खिलाफ लड़ना है। कमांडो पहाड़ी इलाकों में गुप्त ऑपरेशन को अंजाम देने की प्रैक्टिस करेंगे। पिछले अभ्यासों में एयरबोर्न ऑपरेशन्स, पैरा-ड्रॉप और लंबी दूरी से सटीक निशाना लगाने की ट्रेनिंग दी गई थी। इस बार भी पारंपरिक और गैर-पारंपरिक युद्ध के तरीकों पर जोर रहेगा। कमांडो मुश्किल हालात में भी मिशन पूरा करना और आपसी तालमेल बैठाना सीखेंगे।



### बकलोह ही क्यों चुना गया?

हिमाचल का बकलोह स्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग का पुराना और अहम केंद्र है। यहाँ के पहाड़ और कठिन रास्ते जवानों को असली जंग जैसा अनुभव देते हैं। सेना के एक अधिकारी के मुताबिक, यह अभ्यास सिर्फ ट्रेनिंग तक सीमित नहीं है। यह बदलते ग्लोबल माहौल में जॉइंट ऑपरेशन्स की तैयारी का हिस्सा है। इसमें ऑपरेशनल टैक्टिक्स और युद्ध की आधुनिक तकनीकों पर फोकस किया जाएगा।

### ट्रेड डील के बाद पहला बड़ा एक्सरसाइज

यह अभ्यास भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तुरंत बाद हो रहा है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करेगा। ट्रेड डील से जहां व्यापार बढ़ेगा, वहीं सैन्य सहयोग से सुरक्षा संबंध मजबूत होंगे। यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बदलते भू-राजनीतिक माहौल में दोनों देशों की रणनीतिक एकजुटता दिखाता है।

### क्या-क्या होगा एक्सरसाइज में?


- फोकस एरिया : हाई-ऐल्टीट्यूड में लड़ाई, स्पेशल ऑपरेशंस की प्लानिंग, खुफिया जानकारी साझा करना और सटीक हमले
- ट्रेनिंग : मुश्किल पहाड़ी इलाके और मौसम में सैनिकों की टेस्टिंग
- उद्देश्य : आतंकवाद और स्पेशल मिशन्स में दोनों सेनाओं का बेहतर तालमेल

### क्यों है यह खास?

- रणनीतिक संकेत : इंडो-पैसिफिक में चीन जैसे चुनौतियों के बीच दोनों देश एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं
- क्षमता बढ़ोतरी : स्पेशल फोर्सेज की ट्रेनिंग से दोनों सेनाएं मुश्किल हालातों में बेहतर काम कर सकेंगी
- संदेश : आतंकवाद और क्षेत्रीय खतरे के खिलाफ मजबूत साझेदारी

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी सेना के जवान सहित छह गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक संगठित गिरोह का रविवार को भंडाफोड़ करते हुए सेना के एक जवान और राज्य पुलिस के एक बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों से शामिल हैं। आरोपियों से करीब 4.8 किलोग्राम हेरोइन, एक हथियार, एक थार (एसयूवी) और एक 'एक्सयूवी' बरामद की है।

### महाराष्ट्र की छात्रा चेन्नई के समुद्र तट पर डूबी

**नागपुर।** चेन्नई में समुद्र में उतरने के बाद महाराष्ट्र की एक छात्रा डूब गई और एक अन्य छात्र लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई। छात्र दल यहां घूमने आया था। सीएमओ के अनुसार, महाराष्ट्र के भंडारा जिले की रहने वाली मयूरी चौधरी समुद्र में डूब गई, जबकि जय पाटिल लापता हो गया। पाटिल की तलाश के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सीएमओ के अनुसार, एक अन्य छात्र राज केदारी को बचा लिया गया। तमिलनाडु सरकार से मिली जानकारी के हवाले से 'एक्स' पर बताया कि 26 विद्यार्थियों का एक समूह चेन्नई के गोल्डन बीच पर घूमने गया था, जहां उनमें से तीन विद्यार्थी समुद्र में उतरे थे।

### चोरी के शक में भीड़ ने युवक को पीटकर मार डाला

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में वाहन से बैटरी चुराने की कोशिश करने के संदेह में भीड़ ने 22 वर्षीय एक युवक को कथित तौर पर पीटकर मार डाला। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। यह घटना शनिवार देर रात पड़वा थाना क्षेत्र के तेलियाही गांव में हुई। मृतक की पहचान पवन राम के रूप में हुई है, जो इसी थाना क्षेत्र के मुरमा गांव का निवासी था। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि वाहन की बैटरी चुराने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया है।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से हुई गिरफ्तारी

# निशाने पर लाल किला और मंदिर, एआई समिट के बीच दिल्ली आए 8 संदिग्ध पकड़ाए

सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करते हुए पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने खुलासा किया कि चार संदिग्ध 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के बीच दिल्ली पहुंचे थे और उन्होंने 'फ्री कश्मीर' के पोस्टर लगाए। शहर के कई इलाकों में रेकी भी की थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोग बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं और उन्हें आईएसआई से फंडिंग मिल रही थी। ये सभी संदिग्ध सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि ये लोग भारत के अलग-अलग हिस्सों में हमलों की साजिश रच रहे थे। 8 में से चार लोगों का एक ग्रुप दिल्ली आया और एआई समिट के दौरान मेट्रो स्टेशन पर फ्री कश्मीर और दूसरे विवादित पोस्टर लगाए। इसके बाद वे वापस तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल चले गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ व्यक्ति बांग्लादेशी नागरिक हैं और उन्होंने जाली आधार कार्ड बनवा रखा है।



### आरोपियों ने कई शहरों की रेकी की थी

दिल्ली पुलिस ने कहा, यह ऑपरेशन आतंकी गतिविधियों का समर्थन करने वाले ऑनलाइन पोस्ट की जांच के बाद किया गया, जिसके बाद टीम स्थानीय पुलिस की मदद से तिरुपुर पहुंची। जांच करने वालों ने पाया कि 6 लोग इलाके के कपड़ा कारखानों में काम कर रहे थे और उनके पास नकली आधार कार्ड थे। आतंकवादियों की मदद करने के शक में इन आरोपियों ने कई शहरों की रेकी की थी। जांच जारी है।

### कौन हैं गिरफ्तार किए गए आरोपी?

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबाहत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है। सभी को तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले में अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया है। इनमें उथुकुली से 2, पल्लडम से 3 और तिरुमुरुगनपूंडी से एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि ये पहचान छिपाकर कपड़ा कारखानों में काम कर रहे थे।पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल और 16 सिम कार्ड बरामद किए हैं।

### दिल्ली में 'फ्री कश्मीर' पोस्टर लगाने का शक

*जांच एजेंसियों के अनुसार, इन संदिग्धों ने दिल्ली समेत कई बड़े शहरों की रेकी की थी। शक है कि इन लोगों ने 8 फरवरी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों और मेट्रो में कश्मीर से जुड़े पोस्टर लगाए थे। इन पोस्टरों पर 'फ्री कश्मीर' लिखा हुआ था। पुलिस का कहना है कि ये लोग पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों के समर्थन में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा कर रहे थे। इन आरोपियों पर आतंकवादियों की मदद करने का शक है।*

### दिल्ली में जारी किया गया है अलर्ट

*खुफिया सूत्रों का कहना है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के आसपास हमले की साजिश रच रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। खबर है कि आतंकवादी लाल किले और मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में आईईडी हमला करने की कोशिश कर सकते हैं।*

# भूपेन बोले- कांग्रेस असम में हारेगी चुनाव

कांग्रेस को पूर्वोत्तर में बड़ा झटका



एजेंसी ▶▶| दिसपुर

असम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भूपेन बोराह ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। बोराह ने कहा कि राज्य में कांग्रेस नेतृत्व को पता है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव हारने वाला है और उसके पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन भी नहीं है। बोराह ने असम स्थित भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने के बाद मेरा विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा और मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। बोराह ने कहा कांग्रेस का टिकट चाहने वाले लगभग 600 उम्मीदवार भाजपा में शामिल होने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि कांग्रेस में 32 साल बिताने के बाद पार्टी छोड़ने के पीछे शायद कुछ कड़वाहट रही होगी। आज से भाजपा में उनका नया जीवन शुरू होता है।

### बोराह ने कांग्रेस को लेकर स्पष्ट की स्थिति

बोराह ने कांग्रेस द्वारा न मनाए जाने के सवाल पर कहा, कांग्रेस के साथ मेरी बातचीत विफल रही क्योंकि मैंने पार्टी से असहज सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा, असम कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद गौरव गोगोई के नेतृत्व में राज्य का नेतृत्व तुष्टीकरण पर केंद्रित है। ऐसे में मैं कांग्रेस में कैसे काम कर सकता हूं?

### भूपेन ने बताया भाजपा में शामिल होने का कारण

बोराह ने कहा, मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल होऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों का आत्मनिरीक्षण होगा और मुझे उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### कांग्रेस के पास नहीं है चुनाव लड़ने के पैसे- बोराह


बोराह ने दावा किया, कांग्रेस को सिर्फ मुस्लिम बहुल इलाकों की 25 सीटों में दिलचस्पी है। असम कांग्रेस धुबरी सांसद रकीबुल हुसैन से प्रभावित है। राज्य में पार्टी संभावित उम्मीदवारों से चंदा इकट्ठा कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने पूछा, कांग्रेस मुझे गद्दार कह रही है। पिछले राज्यसभा चुनाव में असम के विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग के खिलाफ उसने कार्रवाई क्यों नहीं की?

# एआई समिट बना टर्निंग प्वाइंट, दुनिया ने देखीं भारत की अद्भुत क्षमताएं...'

### मन की बात में पीएम मोदी ने शेयर किया एक्सपीरियंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज, 'मन की बात' के 131वें एपिसोड के जरिये देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश की उपलब्धियों के बारे में बात की, जिसमें से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' भी रहा। उन्होंने बताया कि समिट में दुनिया ने भारत की अद्भुत क्षमताएं देखीं। दुनियाभर के उद्योग जगत के दिग्गज, इनोवेटर और स्टार्टअप से जुड़े लोग भारत मंडपम में जुटे।



यह समिट एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है। पीएम मोदी ने बताया कि इस समिट के जरिये उन्हें वैश्विक नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। उन्होंने एआई समिट की प्रदर्शनी में वैश्विक नेताओं को ढेर सारी चीजें दिखाईं।

### इन प्रोडक्ट ने वैश्विक नेताओं को किया प्रभावित

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समिट में दो प्रोडक्ट ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला प्रोडक्ट अमूल के बूथ पर था, जिसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24×7 एआई असिस्टेंट की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। दूसरा प्रोडक्ट हमारी संस्कृति से संबंधित रहा। वैश्विक नेता ये देखकर हैरान रह गए कि कैसे एआई की मदद से भारत प्राचीन गंथ्रों और प्राचीन ज्ञान को पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, साथ ही आज की पीढ़ी के अनुरूप ढ़ाल रहे हैं।

## भारतीय भाषा पर्व...



इंदौर। भारतीय भाषा पर्व पर शामिल होने एकत्रित हुई राजस्थान की महिलाएं आकर्षक परिधानों में।

### भाजपा विधायक को तीन मार्च तक जेल भेजा गया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में ठेकेदार से कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए भाजपा विधायक डॉ. चंद्रू लमानी को तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, शिरहट्टी से विधायक लमानी को शनिवार रात गडग से बेंगलुरु लाया गया और उन्हें विशेष सांसद/विधायक अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उन्हें तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गडग जिले के चिंचाली निवासी ठेकेदार विजय पुजार की शिकायत के बाद लोकायुक्त अधिकारियों ने विधायक को कथित तौर पर रिश्वत लेते पकड़ा था। लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि कथित रिश्वत सिंचाई विभाग के कार्यों से संबंधित थी।

## 1 अप्रैल से बदल जाएंगे नियम, पर्यटकों की जेब पर पड़ेगा भारी बोझ

# हिमाचल जाना अब पड़ेगा महंगा, सरकार ने की एंट्री टैक्स में भारी बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶| शिमला

देश के सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल हिमाचल घूमना अब पर्यटकों के लिए भारी पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए नई बैरियर नीति अधिसूचित कर दी है। प्रदेश के आर्थिक संकट को देखते हुए राजस्व बढ़ाने के लिए एंट्री टैक्स की दरों में जबरदस्त इजाफा किया गया है। यह नई दरें वित्तीय वर्ष 2026-27 यानी 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी।

सरकार के इस फैसले से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली सहित देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों को अब हिमाचल प्रवेश के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। केवल छोटे वाहन ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक और निर्माण कार्यों में लगे वाहनों की दरों में भी बदलाव किया है। हालांकि, हिमाचल के स्थानीय निवासियों को इस टैक्स से राहत मिलती रहेगी।

### निजी कारों और छोटे वाहनों पर दोगुनी मार

नई नीति के तहत सबसे ज्यादा असर निजी कार मालिकों पर पड़ेगा। पहले पर्यटकों को प्रवेश शुल्क के रूप में 70 रुपये देने होते थे, जिसे अब बढ़ाकर 170 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह 12+1 क्षमता वाले सवारी वाहनों का शुल्क भी 110 रुपये से बढ़ाकर 170 रुपये कर दिया गया है। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से राज्य के खजाने में करोड़ों रुपये का अतिरिक्त राजस्व जमा होगा।




### डबल डेकर बस छोड़, भारी वाहन व मशीनरी भी प्रभावित

सरकार ने भारी मालवाहक वाहनों का टैक्स 720 रुपये से बढ़ाकर 900 रुपये कर दिया गया है। जेसीबी जैसी निर्माण मशीनरी पर अब 570 रुपये के बजाय 800 रुपये शुल्क लगेगा। ट्रैक्टरों के लिए प्रवेश शुल्क 70 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। गौरतलब है कि डबल एक्सल बस और ट्रकों के लिए शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह 570 रुपये पर स्थिर रहेगा।

### बैरियर्स पर लागू होगी फास्टटैग सुविधा

प्रवेश द्वारों पर लगने वाली लंबी लाइनों से निजात दिलाने के लिए परवाणू, मैहतपुर, कंडवाल, गरामोड़ा और बद्दी जैसे प्रमुख बैरियर्स पर फास्टटैग की सुविधा शुरू की जाएगी। बैरियर्स की नीलामी और सुचारू प्रबंधन के लिए जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में विशेष समितियां बनाई गई हैं। इससे टैक्स वसूली की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होने की उम्मीद है।

### राजस्व बढ़ाने सरकार का बड़ा कदम

हिमाचल प्रदेश वर्तमान में गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकार विभिन्न माध्यमों से आय के स्रोत तलाश रही है। एंट्री टैक्स में यह बढ़ोतरी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। हालांकि, पर्यटन कारोबारियों को डर है कि शुल्क बढ़ने से सैलानियों की संख्या पर असर पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि 1 अप्रैल से लागू होने वाली ये दरें राज्य की अर्थव्यवस्था को कितनी मजबूती प्रदान करती हैं।

## भारत-पाक बॉर्डर पर खूनी खेल!

# पंजाब पुलिस के दो जवानों को गोलियों से भूना, मौत

सरहद पर मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से एक बेहद सनसनीखेज और दुखद खबर सामने आई है। पंजाब पुलिस के दो जवानों की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह वारदात उस समय हुई जब जवान सरहद के करीब गश्त पर थे। चूंकि यह घटना अंतरराष्ट्रीय सीमा के बिल्कुल करीब हुई है, इसलिए इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या यह हमला ड्रोन के जरिए नशा तस्करी करने वाले गिरोह ने तो नहीं किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस घटना पर दुख जताते हुए डीजीपी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। दोषियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

### गश्त के दौरान हुआ अचानक हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों जवान अमृतसर सेक्टर के पास सीमावर्ती गांव में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दोनों जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोलियों की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग और अन्य सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

## स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री के जन्मोत्सव पर लगाया गया नेत्र चिकित्सा शिविर

# जीवन में भक्ति और गुरु कृपा से होती है उत्तरोत्तर वृद्धि

**जबलपुर। "संत और शास्त्र कहते हैं कि माता-पिता के सत्कर्मों से लौकिक सुख मिलता है। भक्ति और जीवन में गुरु कृपा से उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। गुरु कृपा से ही सांसारिक जीवन में आने वाली व्याधियों को दूर करने का आत्मिक बल आता है। सेवा के प्रकल्पों को निरंतर जारी रखने के लिए आप अपने बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्हें भी सेवा करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। लौकिक नेत्रों को संत-महात्माओं के मार्गदर्शन और आध्यात्मिक ज्ञान से भौतिक नेत्रों को चिकित्सकीय उपचार से स्वस्थ करने का कार्य स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री के आशीर्वाद से नरसिंह मंदिर गीता धाम परिवार में निरंतर 22 वर्ष से 22 फरवरी को नेत्र शिविर में होता है।**



डॉ. पवन स्थापक अनवरत देवजी नेत्रालय तिलवारा घाट में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत मोतियाबिंद ऑपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपण करते हैं।" उक्त विचार श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी राधे चैतन्य, स्वामी हनुमान दास, आचार्य वासुदेव शास्त्री सहित वक्ताओं ने नरसिंह मंदिर में स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री के पावन जन्मोत्सव पर विगत 22 वर्षों से अमेरिका निवासी ठाकुर हरकेश सिंह के सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में व्यक्त किए।जबलपुर संस्कारधानी में सनातन संस्कृति और सर्वांगीण विकास कार्यों के लिए श्री सनातन धर्म महासभा जबलपुर नरसिंह मंदिर गीता धाम परिवार की ओर से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को संतों के सानिध्य में शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।नेत्र चिकित्सा शिविर में 515 रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा जांचें कर 155 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र चिकित्सा शिविर में मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, डॉ. पवन स्थापक, हरकेश सिंह ठाकुर, श्याम साहनी, सत्येन्द्र ज्योतिषी, केके बस्सी, जीवन कपिल, मुन्ना पांडे, विष्णु पटेल, सहेली गुप्र, जायंट्स क्लब, भक्त परिवार की उपस्थिति रही। नरसिंह मंदिर गीता धाम परिसर में मंच संचालन प्रवेश खेड़ा, लकी भाटिया ने और आभार ज्ञापन दीपक असरानी ने किया।



## संत निरंकारी मण्डल ने चलाया प्रोजेक्ट अमृत, 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' जल संरक्षण अभियान

**जबलपुर**। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता की असीम कृपा से संत निरंकारी चेरिटेबिल फ़ाउंडेशन के अंतर्गत 22 फरवरी 2026 रविवार को 'प्रोजेक्ट अमृत' के चतुर्थ चरण 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का आयोजन किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके।संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से "प्रोजेक्ट अमृत" का शुभारंभ किया था, इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों को स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच विकसित करना था जिसमें नदियों, झीलों, तालाबों और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का अभियान है।

# कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्री-स्कूल का "वार्षिक महोत्सव" आयोजित

**जबलपुर**। कंगारू किड्स स्कूल, जो शीघ्र ही इकिगाई किड्स इंटरनेशनल स्कूल के नाम से जाना जाएगा, निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। नए नाम के साथ विद्यालय अपने मूल्यों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी सशक्त रूप में आगे बढ़ाएगा। यह परिवर्तन विद्यालय की नई सोच, वैश्विक दृष्टिकोण और उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। कंगारू किड्स में वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "द लिटिल मरमेड" रही, जिसने समुद्र की जादुई दुनिया को रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव कर दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथि देवो भवः की परंपरा का निर्वाह करते हुए सम्माननीय अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की एक्स डीन डॉक्टर रूपलेखा चौहान एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को निर्विघ्नतापूर्वक समापन के लिए छात्रों द्वारा शिवस्त्रोतम की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। "द लिटिल मरमेड" की कहानी के माध्यम से बच्चों ने साहस, सपनों पर विश्वास और दृढ़ संकल्प का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया। मनमोहक नृत्य, आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। "द लिटिल मरमेड" केवल एक परीकथा नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने के साहस की प्रेरणादायक कहानी है। इस कहानी के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि सच्चे मन से देखे गए सपने, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अवश्य पूरे होते हैं। नन्हे कलाकारों ने समुद्र की रंग-बिरंगी दुनिया को अपने अभिनय, नृत्य और संवाद के माध्यम से जीवंत कर दिया। मंच सज्जा, आकर्षक परिधान और मधुर संगीत ने ऐसा वातावरण बनाया मानो दर्शक सचमुच समुद्र की गहराइयों में पहुँच गए हों। कार्यक्रम में विद्यालय की संचालिका अर्पिता मालपानी, सीईओ प्रदीप गंगाधरन, प्राचार्या सोनिया कोच्चर, इकीगई किड्स स्कूल की प्रिंसिपल परमवीर कौर परमार ने सभी पालकों को धन्यवाद दिया।

# अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

## प्रदेशभर से 150 बालक-बालिका पहलवान करेंगे प्रतियोगिता में भागीदारी



**जबलपुर**। जिला एमेच्योर कुश्ती संघ, जबलपुर के तत्वावधान में अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 21 फरवरी को पीएनटी ग्राउंड, रानीताल में उत्तर मध्य विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस 21 फरवरी को अपरान्ह 03 बजे रानीताल कॉम्प्लेक्स से पीएनटी ग्राउंड तक आकर्षक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें सभी खिलाड़ी, कोच एवं उस्ताद खलीफा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मार्च के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाष पांडे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र गौरव की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 150 बालक एवं बालिका पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जहां वे तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों एवं एक-एक कोच के ठहरने की व्यवस्था रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की गई है, जबकि भोजन (नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन) की व्यवस्था रानीताल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा की गई है। कार्यक्रम में अध्यक्ष उमाशंकर पटेल (पूर्व प्राचार्य एवं कुश्ती विश्वामित्र अवार्डी, म.प्र.), सचिव राजेश राजपूत (पूर्व राष्ट्रीय पहलवान, म.प्र.), शेरू रैकवार, गोपाल तिवारी, जनार्दन सिंह, पवन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह राजपूत, निर्मल सिंह, दिलीप चक्रवर्ती, प्रवीण शर्मा, रोहन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, रुद्र यादव, इलू महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता 21 से 23 फरवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है।



## स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज उत्तराधिकारियों की बैठक संपन्न

**केन्द व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने रूपरेखा तैयार**

**जबलपुर**। गांधी भवन टाउन हॉल में 22 फरवरी को मप्र कांग्रेस कमेटी के जबलपुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज उत्तराधिकारी की बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वंशज उत्तराधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला अर्पित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिहोरा के विजय कुमार कुररिया ने की। संचालन वंशज उत्तराधिकारी मनोज नामदेव ने किया। बैठक में वीडियो कॉल पर भोपाल से मप्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी ने उपस्थित सभी वंशज उत्तराधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा शीघ्र ही जबलपुर जिला एवं नगर स्वतंत्रता वंशज प्रकोष्ठ के दोनों अध्यक्ष व कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश जारी किए। बैठक में शहरी एवं ग्रामीण वंशज उत्तराधिकारियों में शिव मंगल यादव, पवन सोनी, ओमप्रकाश जायसवाल, एड. प्रकाशचंद्र गोलछा, पं. आशीष व्यास, निर्मलचंद जैन, राजेन्द्र रज्जू सराफ, अशोक यादव, एड. एसके चोहटेल, एड. अरुण भटनागर, शशि ठाकुर, हनुमत राव, सौरभ राजनेकर सहित अन्य वक्ताओं ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

# ब्लड डोनेशन कैंप में लोगों ने बढ़चढ़ कर किया रक्तदान



**जबलपुर**। नवदिशा जनकल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर साकेत नगर में किया गया था जिसमें अधिक संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर बीजेपी पूर्व उपाध्यक्ष अंजू भार्गव एवं चंद्रशेखर वार्ड के मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे भी उपस्थित थे। फाउंडेशन के अंकित तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे। इस दौरान उपस्थित पं. उमेश दुबे, शशांक विश्वकर्मा, डॉ. राम गोपाल, महेंद्र पटेल, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति पांडे, राजेश विश्वकर्मा, शुभम तिवारी, श्वेता सिंह, बलराम विश्वकर्मा, आशुतोष बाजपेई, प्रियंका तिवारी, अनीता शुक्ला, चंदन अधिकारी, श्वेता पांडे इत्यादि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना ने लगाया 7 दिवसीय विशेष इकाई शिविर

# एनएसएस से होता है नेतृत्व कौशल का विकास : प्रो. अरुण शुक्ल

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, ग्राम भीटा, ग्राम पंचायत बिलखरवा में आयोजित किया गया।

शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में एवं प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. रविश ताजिर तमन्ना एवं डॉ. उमा भारती धुर्वे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने सात दिवसीय शिविर को युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक दायित्वबोध का सशक्त माध्यम बताते हुए स्वयंसेवकों को सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि एनएसएस में विद्यार्थी सामाजिक कार्यों के द्वारा लोगों की सेवा कर सकते हैं, एनएसएस से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, धैर्य, साहस, सकारात्मक स्वभाव का विकास होता है। विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल का विकास होता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवचंद वल्के (छात्र इकाई) एवं डॉ. अंजली कनौजिया (छात्रा इकाई) ने स्वयंसेवकों को समर्पण एवं निष्ठा के साथ समाजसेवा हेतु प्रेरित किया। सात दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को परेड सिखाया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक परिचर्चा, खेलकूद, जनसंपर्क, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, ब्लड डोनेशन कैंप आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# प्रदेश के कर्मचारी महंगाई भत्ते की आस में

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारी मंहगाई भत्ते के आदेश की आश में बैठे हैं, परंतु प्रदेश शासन की तरफ से आदेश न होने की वजह से कर्मचारी हताश हैं, जबकि केन्द्रीय कर्मचारियों को वर्तमान में 58 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है, परंतु प्रदेश के कर्मचारियों को अभी भी 55 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिए जाने में प्रदेश सरकार केंद्र और अन्य राज्य सरकारों से तीन प्रतिशत पीछे चल रही है। संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि प्रदेश में कार्यरत कर्मचारियों को भी केंद्र की भांति 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिए जाने के आदेश अतिशीघ्र जारी किए जाएं ताकि प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों को राहत मिल सके।प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, आशीष कोरी, समर सिंह ठाकुर, त्रिलोक सिंह आदि ने मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारी को भी महंगाई भत्ता शीघ्र दिया जाए।



## कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प शिविर के प्रथम दिन 1835 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर**। पूर्व विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण की भावना से प्रेरित कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर का प्रथम दिन रविवार बीमा हॉस्पिटल कांचघर में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जो शाम 5:00 बजे तक जारी रहा, जिसमें जनसमूह का तांता लगा रहा। प्रथम दिन में लगभग 1835 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया, जिसमें 1020 हितग्राहियो का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 95 हितग्राहियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। लगभग 700 हितग्राहियों को दवाईयों का वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि विगत 15 वर्षों से जारी इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगातार हमारा प्रयास है कि कांग्रेस मानव सेवा संकल्प के तहत पूर्व विधानसभा क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य लाभ मिल सके, ये मेरा संकल्प है।स्वास्थ्य शिविर में मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया, संजय साहू, उमेश लोधी, विश्वजीत मुखर्जी, पियूष सिंह चीनू, सुरजीत यादव, रंजीता चौहान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। आज 23 फरवरी दिन सोमवार को सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा।

## विद्यार्थियों को ऐसे दूरदर्शी फैशन एवं इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में तैयार करना है, जो देश-समाज को प्रभावी योगदान दे सकें

# नेक्सएज इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी का हुआ भव्य शुभारंभ



**जबलपुर**। जबलपुर शहर में शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में नेक्सएज इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी (NIDT) का भव्य उद्घाटन समारोह मदन महल स्थित लाजवंती चैंबर्स (द्वितीय तल, यूनियन बैंक के ऊपर, होटल गुलज़ार के सामने) में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जबलपुर के विधायक राकेश सिंह रहे। उनके द्वारा संस्थान का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

संस्थान की निदेशक अनुराधा सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि NIDT का उद्देश्य केवल सैद्धांतिक शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि यहाँ इंटीरियर डिज़ाइनिंग और फैशन डिज़ाइनिंग जैसे रचनात्मक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "कौशल भारत अभियान" की भावना से प्रेरित है। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" चरितार्थ हो रहा है।

### संस्थान की विशेषता-

पेशेवर एवं रचनात्मक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में NIDT का यह फैशन एवं इंटीरियर डिज़ाइन स्कूल एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का उद्देश्य कलात्मक प्रतिभा और उद्योग-उन्मुख विशेषज्ञता के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की सौंदर्यपरक एवं व्यावहारिक दृष्टि प्रदान की जा सके। इसका लक्ष्य विद्यार्थियों को ऐसे दूरदर्शी फैशन एवं इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में तैयार करना है, जो समाज में प्रभावी योगदान दे सकें। नवस्थापित डिज़ाइन विंग में अत्याधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं, जिनमें टेक्सटाइल इनोवेशन लैब जैसे आधुनिक प्रयोगात्मक केंद्र शामिल हैं, जहाँ छात्र टिकाऊ एवं नवोन्मेषी कपड़ों पर कार्य कर सकेंगे। विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशी सिंह, यामिनी अन्नू सिंह एवं सीमा सिंह जुग्गी की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य अतिथियों में डॉ. सुधांशु गुप्ता, प्रशांत केसरवानी, पंकज दुबे, सोनू बचवानी, अभय सिंह एवं बेचन सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर आर्किटेक्ट अंशुल निगम, आर्किटेक्ट मयंक वर्मा, प्रांशु वाधवा, मोनिका ओबेरॉय, तन्वी खैरोनिया एवं दामिनी भनोट सहित संपूर्ण स्टाफ एवं सहयोगी टीम की सक्रिय सहभागिता रही। समारोह का समापन मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक उद्बोधन एवं आशीर्वचनों के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह ने NIDT की इस पहल का जबलपुर में कौशल आधारित शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त कदम के रूप में स्वागत किया।

# प्लेटिनम जुबली में करण अदाणी ने की गवर्नेंस, ग्रोथ और डिफेंस पर बात

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप तेजी से हो रहे विस्तार के चलते राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस से जुड़े इकोसिस्टम और आंतरिक गवर्नेंस पर अपना फोकस और मज़बूत कर रहा है। यह बात शनिवार को अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने कही।ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की प्लेटिनम जुबली के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में, करण अदाणी ने ग्रुप की दशा और दिशा के बारे में विस्तार से बताया।अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के बेटे करण अदाणी, ने कहा कि ग्रुप का निवेश तीन मुख्य स्तंभों पर टिका है - एनर्जी, लॉजिस्टिक्स और भारत के विकास के लिए ज़रूरी कोर मैटीरियल्स।ऊर्जा के क्षेत्र में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रांसमिशन नेटवर्क और डेटा सेंटर्स जैसे नए डिजिटल एसेट्स लंबे समय तक ग्रुप की प्राथमिकता रहेंगे।

## आत्मनिर्भरता रणनीतिक जरूरत

डिफेंस सेक्टर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता भारत की एक बड़ी रणनीतिक ज़रूरत है। उन्होंने बताया कि ब्राज़ील की कंपनी एंब्रायर के साथ हालिया साझेदारी जैसे कदम, मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल क्षमताओं को मज़बूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इसका मकसद घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़ना है।

संगठन की चुनौतियों पर भी की बातसंगठन से जुड़ी चुनौतियों पर बात करते हुए उन्होंने माना कि तेज़ी से विस्तार की वजह से मैनेजमेंट के कई लेयर बन गए, जिससे फैसले लेने में देरी होती है। अब प्राथमिकता यह है कि ढांचे को सरल बनाकर फिर से स्पीड और स्केलेबिलिटी लाई जाए।उन्होंने बताया कि ग्रुप अपने कर्मचारियों की औसत उम्र, जो अभी 38 साल है, उसे कम करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को तेजी से अपनाया जा सके।उन्होंने इस हफ्ते एआई को लेकर घोषित किए गए 100 बिलियन डॉलर (तकरीबन 9 लाख करोड़ रुपए) के निवेश प्लान की तरफ भी ध्यान दिलाया। जिसके तहत 2035 तक रिन्यूएबल एनर्जी पर आधारित एआई और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समूह में महिला कर्मचारियों की हिस्सेदारी 2 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी हो गई है। समूह के करीब 80 फीसदी लीडर समूह के अंदर से ही तैयार हुए हैं और पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, सीमेंट और माइनिंग जैसे बिज़नेस में लोगों को एक-दूसरे सेक्टर में काम करने के मौके दिए जा रहे हैं।

## ग्लोबल मार्केट में सही नैरेटिव जरूरी

गवर्नेंस, रेगुलेटरी जांच और मीडिया कवरेज से जुड़े सवालों पर करण अदाणी ने कहा कि किसी भी मुश्किल दौर में मज़बूत संचालन क्षमता और साफ-सुथरा कम्युनिकेशन ही सबसे बड़ी ताकत होती है।उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर बिज़नेस से लगातार होने वाली आमदनी ग्रुप की बड़ी ताकत है, हालांकि पहले कुछ जगहों पर ज्यादा निर्भरता भी रही। अब संस्थागत ढांचे को मजबूत करने और नए पार्टनर जोड़ने पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, "हमें अपनी बात और अपना संदर्भ दुनिया को बेहतर तरीके से समझाना होगा," उन्होंने माना कि ग्लोबल मार्केट में सही नैरेटिव बनाना अब बहुत ज़रूरी हो गया है।सस्टेनेबिलिटी पर बात करते हुए उन्होंने इस सोच को खारिज किया कि पर्यावरण से जुड़े कदम मुनाफे के खिलाफ होते हैं। उन्होंने बताया कि इस साल पोर्ट ऑपरेशंस में डीज़ल ट्रकों को ग्रीन फ्यूल से चलने वाले विकल्पों में बदला जा रहा है।

## F1 शुरू करने में दिखाई दिलचस्पी

करण अदाणी ने भारत में फॉर्मूला-1 (F1) रेसिंग को दोबारा शुरू करने में भी दिलचस्पी जताई। जयप्रकाश ग्रुप से जुड़े एसेट्स, जिनमें ग्रेटर नोएडा का बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है, पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर F1 की वापसी होती है तो उसका मकसद ग्लोबल लेवल का बेंचमार्क सेट करना होगा।अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने मुंद्रा पोर्ट पर बिना किसी खास सुविधा के ज़मीनी स्तर पर काम किया। उनका कहना था कि उस अनुभव ने उनकी सोच और काम करने के तरीके को पढ़ाई से कहीं ज़्यादा प्रभावित किया। उनकी यह बातचीत हीरो एंटरप्राइज के चेयरमैन और AIMA के पूर्व अध्यक्ष सुनील कांत मुंजाल के साथ हुई।

# धरती के नीचे चमत्कार, 4000 करोड़ में बना इतना खूबसूरत वॉटर फॉल होटल, देखते ही रह जाएंगे दंग

बीजिंग। दुनिया में ऐसी कई इमारतें हैं, जो अपनी अनोखी आर्किटेक्चर के लिए जानी जाती हैं। इस लिस्ट में चीन के एक खास होटल का नाम भी शामिल है। यह होटल एक खदान के अंदर बना है और वॉटर फॉल होटल के नाम से जाना जाता है। आइए जानें क्यों इसे यह नाम मिला और इस होटल की खासियत क्या है। खाने-पीने के लिए होटल में पानी के नीचे बना सीफूड रेस्टोरेंट, कैंटोनीज फाइन डाइनिंग और क्वारी बार जैसे ऑप्शन मौजूद हैं। इसके अलावा, होटल में वॉटर स्पोटर्स एरिया, इंफिनिटी पूल और स्पा की सुविधा भी है। रोमांच पसंद करने वालों के लिए पास के थीम पार्क में जिपलाइन, बंजी जंप, रॉक क्लाइम्बिंग और ग्लास वॉकवे जैसी गतिविधियां मौजूद हैं।

## खदान के अंदर बना है होटल

चीन के शंघाई शहर के सोंगजियांग जिले में स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल शंघाई वंडरलैंड होटल आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण है। यह अनोखा होटल एक पुरानी खदान के अंदर बना है, जिसकी वजह से इसे 'क्वारी होटल' या 'खदान होटल' के नाम से भी जाना जाता है।

## क्यों कहा जाता है वॉटरफॉल होटल?

होटल की सबसे खास बात इसकी संरचना है, जो 88 मीटर गहरी खदान की दीवारों में बनाई गई है। इसमें कुल 18 मंजिलें हैं, जिनमें से 16 भूमिगत और दो मंजिलें पानी के नीचे स्थित हैं। इसके सामने 90 मीटर ऊंचा कृत्रिम झरना होटल की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, जिसके कारण इसे 'वॉटरफॉल होटल' भी कहा जाता है।



## इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर के नाम से भी जाना जाता है

इस होटल को डिजाइन करने के लिए कई मशहूर आर्किटेक्चर फर्म्स को चुना गया। होटल की डिजाइन में फेंगशुई के प्रिंसिपल्स को अपनाया गया है और इसे 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर' कहा जाता है, क्योंकि यह ऊपर की बजाय नीचे की ओर बना है। ऊपर से देखने पर इसका आकार 'एस' जैसा दिखता है। होटल को पर्यावरण के लिए जागरूक बनाते हुए एक सिंगल यूज प्लास्टिक-फ्री होटल के रूप में विकसित किया गया है। यह एक 'ब्राउनफील्ड रिवाइवल प्रोजेक्ट' है, जिसमें छोड़ी हुई जमीन का इस्तेमाल किया गया है।

## 4 हजार करोड़ में बनाया गया होटल

इस होटल का इतिहास काफी दिलचस्प है। इस खदान को 1950 के दशक में जापानियों ने युद्ध के दौरान बंकर बनाने के लिए खोदा था। बाद में इसे आंशिक रूप से पानी से भरकर एक आर्टिफिशियल झील में बदल दिया गया। साल 2006 में शंघाई के एक प्रॉपर्टी ग्रुप ने इस जगह में संभावना देखी और इसे एक लग्जरी होटल में तब्दील करने का फैसला किया। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2009 में हुई और इसे पूरा करने में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की लागत आई।

## आराम और रोमांच का अनुभव

इस होटल में ठहरना केवल आराम का नहीं, बल्कि रोमांच का भी अनुभव है। यहां क्लिफ के किनारे बने विला और पानी के नीचे बने सुइट्स हैं, जहां कांच की दीवारों से मेहमान सीधे झील के भीतर का नजारा देख सकते हैं। होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं मौजूद हैं।



# 71 साल की बुजुर्ग महिला हैं फिटनेस की मिसाल

## बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में लिया भाग

बुढ़ापे में लोग बिस्तर को दोस्त मान लेते हैं और कमजोरी के कारण काम-काज नहीं कर पाते हैं। हालांकि, कुछ बुजुर्गों का जज्बा उन्हें ऐतिहासिक चीजें करने के लिए प्रेरित करता है और वह साहस की मिसाल पेश करते हैं। ऐसा ही कुछ चीन में हुआ है, जहां 71 साल की बुजुर्ग महिला की फिटनेस ने लोगों को अचंभित कर दिया है। वह इतनी उम्रदराज होने के बावजूद भी इतनी मेहनती हैं कि उन्होंने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

**हफ्ते में 5 दिन करती हैं एक्सरसाइज :** मिंगुई ने अपनी फिटनेस के बारे में बात करते हुए कहा कि बढ़ती उम्र के साथ उनकी मांसपेशियां ढलने के बजाय मजबूत होती गईं। उनका कहना है, इससे साबित होता है कि उम्र चाहे जो भी हो, आप शक्ति प्रशिक्षण या अन्य एक्सरसाइज कर सकते हैं। स्थिर रहने की तुलना में गतिशील रहना हमेशा बेहतर होता है। वह हफ्ते में कम से कम 5 दिन एक्सरसाइज करती हैं और उनके सभी सत्र एक घंटे से लंबे होते हैं।



## प्रतियोगिता में हासिल किया तीसरा स्थान

महिला का नाम सुन मिंगुई है, जो मूल रूप से मध्य चीन के अनहुई प्रांत के मानशान की रहने वाली हैं। उन्होंने न केवल फिटनेस प्रतियोगिता में भाग लिया, बल्कि तीसरा स्थान हासिल करके इतिहास भी रच डाला। उन्होंने इस साल वुहान में हुई 'राष्ट्रीय फिटनेस नवागंतुक गुणवत्ता प्रतियोगिता' में मिश्रित लिंग वर्ग में कांस्य पदक जीता। इसका मतलब है कि उन्होंने न केवल अपने से आधी उम्र की महिलाओं को हराया, बल्कि पुरुषों को भी मात दी।

## 67 की उम्र में शुरू किया था व्यावसायिक प्रशिक्षण

मिंगुई रिटायर होने से पहले एक स्टील फैक्ट्री के कैफेटेरिया में काम करती थीं। व्यस्त रहते हुए भी वह रोजाना एक्सरसाइज करने का समय निकाल लेती थीं। हालांकि, रिटायर होने के बाद उन्होंने सेहतमंद बने रहने के लिए रस्सी कूदना, साइकिल चलाना और हाईकिंग करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने 67 साल की उम्र में फिटनेस प्रशिक्षण शुरू किया और कुछ ही समय में सिक्स-पैक और मजबूत बॉडी बना ली।

# ये है दुनिया की सबसे छोटी हवाई यात्रा टेक ऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद लैंडिंग

स्कॉटलैंड। हवाई यात्रा का नाम सुनते ही लोगों को सिर्फ लंबी दूरी या फिर कुछ घंटों की फ्लाइट दिमाग में आती होगी, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया की सबसे छोटी हवाई यात्रा कितनी लंबी हो सकती है? दो घंटे की या फिर इससे भी कम? लेकिन ये जवाब बिल्कुल गलत होगा। दरअसल दुनिया में एक ऐसा भी फ्लाइट टूर है जो टेकऑफ के बाद कुछ ही सेकेंड में लैंडिंग भी कर लेता है।

## गिनीज बुक में दर्ज है रूट का नाम



## मात्र 2.7 किलोमीटर की फ्लाइट

दरअसल, आज हम बात कर रहे हैं स्कॉटलैंड के ऑर्किनी द्वीप समूह में स्थित वेस्ट्रे और पापा वेस्ट्रे द्वीपों के बीच की उड़ान की। यह उड़ान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दुनिया की सबसे छोटी कॉमर्शियल फ्लाइट में रूप में दर्ज है। आपको बता दें कि इस यात्रा की दूरी सिर्फ 2.7 किलोमीटर है। इसे पूरा करने में विमान को मात्र 80 सेकेंड लगते हैं। वहीं, अगर कभी हवा की दिशा अनुकूल हो तो इस फ्लाइट को अपनी डेस्टिनेशन पर पहुंचने में सिर्फ 53 सेकेंड ही लगते हैं।

## 80 सेकेंड में आ जाती है मंजिल

अक्सर आपने सुना होगा कि फ्लाइट्स की यात्रा का समय घंटों का होता है लेकिन वेस्ट्रे और पापा वेस्ट्रे के बीच की यह उड़ान सिर्फ 80 सेकेंड में ही पूरी हो जाती है और कई बार तो यह यात्रा सिर्फ 53 सेकेंड में भी पूरी हो जाती है, जिसके कारण ही इसका रिकॉर्ड गिनीज बुक में भी दर्ज है।

## दोनों द्वीप के बीच समुद्र में पुल नहीं

मात्र कुछ ही सेकेंड्स की फ्लाइट्स को सुनकर आपके मन में भी ये सवाल आ रहा होगा कि आखिर यहां के लोग इतनी छोटी सी यात्रा से फ्लाइट क्यों पकड़ते हैं। दरअसल, इन दोनों द्वीपों के बीच कोई सड़क या पुल नहीं बना है और समुद्र भी ऐसा है कि नाव से यात्रा करना भी मुश्किल है इसलिए यहां के लोग जरूरी सेवाओं के लिए हवाई यात्रा करते हैं।

## वैश्विक प्रौद्योगिकी जगत में भारतीयों का दबदबा 'सकारात्मक' : सिस्को

**नई दिल्ली।** प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी सिस्को के अध्यक्ष और मुख्य उत्पाद अधिकारी जीतू पटेल का मानना है कि दुनिया की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों की कमान संभाल रहे भारतीय मूल के अधिकारियों की बढ़ती संख्या को 'प्रतिभा पलायन' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, यह भारत और विश्व दोनों के लिए ही 'अत्यंत लाभकारी' है। इस बहस पर कि क्या भारत को तब नुकसान होता है जब उसकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं अमेरिका और अन्य विकसित देशों में अगुवा बनकर उभरती हैं, पटेल ने इस धारणा को पूरी तरह खारिज कर दिया।

23 फरवरी से 20 मार्च तक चलेगा सदन, 15 बैठकें होंगी

# छग विधानसभा बजट सत्र आज से कवासी लखमा सदन में रहेंगे सशर्त उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर 20 मार्च तक चलेगा, इस दौरान 15 बैठक प्रस्तावित हैं। बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शराब घोटाला मामले में कांग्रेस के पूर्व मंत्री कवासी लखमा जमानत पर रिहा हो गए हैं, उन्होंने 6 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से लिखित में बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी है। शर्तों के मुताबिक कवासी लखमा छत्तीसगढ़ के 23 फरवरी से 20 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र विधानसभा में उपस्थित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि महाधिवक्ता छत्तीसगढ़ के अभिमत अनुसार कवासी लखमा विधानसभा सदस्य को कुछ शर्तों के आधार पर विधानसभा के फरवरी मार्च 2026 की बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति दी गई है। इस दौरान कवासी लखमा को आगमन और प्रस्थान की सटीक समय की जानकारी विधानसभा सचिवालय को देनी होगी। अपना एक्टिव मोबाइल नंबर कार्यालय में जमा करना होगा। वे अपने निवास या विधानसभा क्षेत्र का दौरा नहीं करेंगे, इसके साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के नो स्पीच भाषण ना देने की शर्त का कड़ाई से पालन करेंगे। विधानसभा के अंदर और बाहर चल रहे गुण दोष पर चर्चा नहीं करेंगे। कवासी लखमा की उपस्थिति केवल बजट सत्र चलने तक रहेगी। इन शर्तों का कड़ाई से पालन करने के आधार पर विधानसभा में उपस्थित होने की अनुमति दी जा रही है। यदि इन शर्तों का उल्लंघन होता है, तो सदन की गरिमा को देखते हुए तत्काल अनुमति को रद्द किया जा सकता है।

## 24 को पेश होगा बजट

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी वर्ष 2026-2027 का बजट मंगलवार 24 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे पेश करेंगे। वित्तमंत्री के बजट भाषण का दूरदर्शन, आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। 26 एवं 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर सामान्य चर्चा होगी। 9 से 17 मार्च तक सभा में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। 17 मार्च को बजट की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक का पुनर्स्थापन होगा। बजट की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा कर 18 मार्च को पारित करने की तिथि निर्धारित की गई है।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# घर में 90 हजार घूस लेते पकड़ा गया फूड इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मस्तूरी के फूड इंस्पेक्टर को राशन दुकान आवंटन मामले में अपने घर में 90 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी ने उक्त फूड इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है।



एंटी करप्शन ब्यूरो डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम विद्याडीह निवासी महेंद्र पटेलने 3 फरवरी को कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। इसके अनुसार वर्तमान में गांव में उचित मूल्य की दुकान पंचायत के द्वारा संचालित की जा रही है।


## दूसरी बार कराई थी पोस्टिंग

फूड इंस्पेक्टर वस्त्रकार पूर्व में मस्तूरी एसडीएम कार्यालय में पदस्थ थे। रिश्वत लेने की शिकायत पर उन्हें वहां से हटाकर खाद्य शाखा जिला मुख्यालय अटैच कर दिया गया था। कुछ दिनों बाद उन्होंने फिर से मस्तूरी में पोस्टिंग करा ली।

# बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रही एलएंडटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 63,478.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 187.95 अंक या 0.22 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फ़ाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ। वहीं भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 28,523.31 करोड़ बढ़कर 6,02,552.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## शब्द पहेली - 6147



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6146 का हल**



## सूडोकू नवताल- 6157

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



# 'द केरल स्टोरी 2' पर भड़के अनुराग बोले- 'फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style

# सामंथा

## काम पर की वापसी

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।




हॉलीवुड मसाला

# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुईं केंडल



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, "घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।"



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

टीवी मसाला

# 'बींदणी' एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, 'शो में मैं 'गर्व' नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।' कुशाग्र ने बताया, 'यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।



दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# 'ड्रैगन' के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ड्रैगन' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन में घूम रहीं कृति!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं।



बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई 'पुष्पा 2', झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

*__मुंबई।__ साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे*



*ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए ही मिला है।*

## सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉड्र्स नहीं मिले हैं।

## वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन 'आरआरआर' और 'केजीएफ' को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो 'आरआरआर' ने 133 करोड़ और 'केजीएफ' ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन 'पुष्पा-2' ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

### श्रीलंका को हराकर इंग्लैंड ने 51 रन से दर्ज की जीत

# सुपर 8 में अंग्रेजों ने खोला खाता, श्रीलंका के खिलाफ लगातार 12वां टी20 मैच जीता






एजेंसी ⏭ पल्लेकेले

इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मैच में 51 रन से जीत दर्ज की। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 12वीं जीत रही। श्रीलंकाई टीम ने 20 मई 2014 को पिछली बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच जीता था, जिसके बाद से इंग्लैंड ने श्रीलंका को लगातार 12 टी20 मुकाबलों में मात दी है। इस बीच इंग्लैंड ने दो बार 8-8 विकेट से भी मैच अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड सुपर-8 के दूसरे ग्रुप में नंबर एक पर पहुंच गई है। 24 फरवरी को इंग्लैंड की अगले मैच में भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होगी।

#### इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 7 विकेट हासिल किए

पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 16.4 ओवरों में महज 95 रन पर सिमट गई। इस मुकाबले के दौरान इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 7 विकेट हासिल किए, जो टी20 वर्ल्ड कप मैच में उनके सबसे ज्यादा विकेट हैं।

#### इंग्लिश टीम ने 9 विकेट खोकर बनाए 146 रन

रविवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लिश टीम ने 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप साल्ट ने 40 गेंदों में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 62 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 खिलाड़ियों के साथ साझेदारी की। उनके अलावा, विल जैक्स ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से डुनिथ वेललेज ने सर्वाधिक 3 विकेट निकाले, जबकि दिलशान मदुशंका और महीश तिक्षाणा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। एक विकेट दुष्मंथा चमीरा ने प्राप्त किया।

## टी-20 वर्ल्डकप: भारत को साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया

अहमदाबाद। डिफेंडिंग चैंपियन भारत को टी-20 वर्ल्ड कप के तीसरे सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका के 76 रन की करारी हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की सबसे बड़ी हार है। टीम टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 12 मैच जीतने के बाद हारी है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। केशव महाराज ने 3 विकेट लिए। कॉर्बिन बॉश को 2 और ऐडन मार्करम को एक विकेट मिला। शिवम दुबे ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 बॉल पर 63 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 24 बॉल पर नाबाद 44 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। मिलर-ब्रेविस की साझेदारीसाउथ अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं थी। भारतीय तेज गेंदबाजों ने 4 ओवर में 20 रन पर अफ्रीका के 3 विकेट गिरा दिए थे। इसके बाद क्रीज पर आए डेविड मिलर। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर सिर्फ 50 गेंद पर 97 रन जोड़े और रन रेट को लगभग 10 रन प्रति ओवर पहुंचा दिया। वहीं पारी के अंतिम ओवर में हार्दिक ने 20 रन दिए। टॉप ऑर्डर फेल रहा भारत ने 188 रन के जवाब पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। ओपनर्स ईशान और अभिषेक से अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वहीं तिलक वर्मा भी सिर्फ 1 रन बनाकर चलते बने।अभिषेक शर्मा पहले तीन मैच में खाता नहीं खोल पाए थे। इस मैच में उन्होंने पहली गेंद पर चौका मारा लेकिन साफ दिख रहा था कि वह लय में नहीं हैं। 12 गेंद पर उन्होंने 15 रन बनाए। इसमें 8 डॉट गेंदें ही थीं।भारतीय टीम को सुपर-8 के मुकाबले में अपने प्रमुख स्पिनर वरुण चक्रवर्ती से काफी उम्मीद थी। उन्होंने पूरी तरह निराश किया। वरुण ने 4 ओवर के स्पेल में 45 रन दिए। साउथ अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। उनके पास दबाव बनाने का पूरा मौका था लेकिन वरुण फेल रहे। तिलक वर्मा का टी20 विश्व कप में रन बनाने से जूझ रहे हैं। इस मैच में वह 2 गेंद पर एक रन बना पाए। इस टूर्नामेंट से पहले टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका औसत 49.29 का था। वह गिरकर 45 के भी नीचे आ गया है।हार्दिक पंड्या ने 4 ओवर में 45 रन खर्च किए। पारी के आखिरी ओवर में उन्होंने 20 रन दिए और इससे साउथ अफ्रीका की टीम 187 रनों तक पहुंच गई। बल्लेबाजी में भी हार्दिक रंग में नहीं दिखे। उन्होंने 17 गेंद पर 18 रन बनाए।अक्षर पटेल को बाहर रखकर वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग इलेवन में जगह मिली थी। गेंदबाजी में दो ओवर में उन्होंने 17 रन दिए। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों को वह बिल्कुल भी परेशान नहीं कर पाए। 5वें नंबर पर आकर सुंदर ने 11 गेंद पर 11 रन बनाए।

**खबर संक्षेप**



### 25 मार्च से दोहा में आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी, जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। आईसीसी ने कहा, 'यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।'' आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, 'इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।'

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जुझारुपन दिखाने के बावजूद खेले गए एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। स्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की और फिर शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा। भारत की ओर से अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं। टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

## टीम इंडिया लगातार दूसरी बार बनी चैंपियन, बांग्लादेश को हराया

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारत ए ने 2023 में फाइनल में बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था।



#### तेजल ने की 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज वृंदा दिनेश और नंदिनी कश्यप ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। पहला विकेट गिरने के बाद टीम इंडिया लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई।

#### प्रेमा की फिरकी का जादू बांग्लादेश 88 रन पर सिमटी

भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया, जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। सिर्फ 4 बल्लेबाज डबल डिजिट स्कोर में रन बनाने में कामयाब रहे। बांग्लादेश के किए सबसे ज्यादा रन शमीमा सुल्ताना ने बनाए। उन्होंने 16 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। इसके अलावा सरमिन सुल्ताना ने 29 बॉल पर 18 रन का योगदान दिया।

**टी20 वर्ल्ड कप**

## उलटफेर में माहिर जिम्बाब्वे के सामने वेस्टइंडीज की होगी अग्नि परीक्षा



एजेंसी ⏭ मुंबई

टी20 वर्ल्ड कप में सोमवार को जिम्बाब्वे की भिड़ंत दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज से होगी। दोनों टीमों के बीच होने वाले सुपर-8 राउंड के इस मुकाबले की मेजबानी मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम करेगा। जिम्बाब्वे का प्रदर्शन ग्रुप स्टेज में कमाल का रहा था। टीम ने पहले चरण में ही दो बड़े उलटफेर करते हुए सुपर-8 का टिकट कटाया है। जिम्बाब्वे ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया था।

#### बेनेट बना रहे लगातार रन

जिम्बाब्वे टीम के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट टूर्नामेंट में लगातार रन बना रहे हैं। बेनेट 3 मुकाबलों में अब तक 175 रन बना चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेनेट ने 48 गेंदों में 63 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, कप्तान सिकंदर रजा बल्ले और गेंद दोनों से लगातार योगदान दे रहे हैं। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट निकाले हैं। 3 मैचों में ब्लेसिंग अब तक 9 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

#### होप और हेटयमार का दमदार प्रदर्शन

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के लिए अब तक इस विश्व कप में सब कुछ सही घटा है। बल्लेबाजी में कप्तान शाई होप और शिमरॉन हेटयमार का प्रदर्शन दमदार रहा है। होप 4 मैचों में 134 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 155 रन बना चुके हैं। वहीं, हेटमायर ने 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 मैचों में 134 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में कैरेबियाई टीम की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ टूर्नामेंट में 7-7 विकेट चटका चुके हैं।

## इंडियन ओपन रेस वॉक: साहिल ने जीता स्वर्ण पदक, दिग्गजों को पछाड़ा

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

पंजाब के खिलाड़ी साहिल ने 'इंडियन ओपन रेस वॉक' प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को पुरुष हाफ मैराथन में अपने से अधिक चर्चित प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मनोरम सुखना झील कोर्स पर रोमांचक मुकाबले में 24 वर्षीय साहिल ने तमिलनाडु के अनुभवी सर्विन सेबेस्टियन की कड़ी चुनौती को पीछे छोड़ते हुए 21 किलोमीटर की दूरी को एक घंटा 25 मिनट 48 सेकंड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। सेबेस्टियन ने 1:25:50.00 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा के हरदीप ने 1:26:03.00 का समय



लेकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपियन परमजीत सिंह बिष्ट (उत्तराखंड) 1:26:07.00 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। बीस किमी पैदल चाल के ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के अक्षदीप सिंह सातवें स्थान पर रहे।

## करकेरा ने जीती नई दिल्ली मैराथन एशियाई खेलों के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कार्तिक करकेरा ने रविवार को 11वीं नई दिल्ली मैराथन जीती और दो अन्य धावकों के साथ इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मानक भी हासिल किया। मुंबई के रहने वाले करकेरा ने 42.2 किलोमीटर की दूरी दो घंटे, 13 मिनट, 10 सेकंड (02:13:10) में पूरी करके जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर लिया। पेशे से चिकित्सक 28 वर्षीय करकेरा ने गोपी थोनकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) को मामूली अंतर से पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और आखिर में वह बहुत कम अंतर से फिनिश लाइन तक पहुंचे। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस तरह से एशियाई खेलों में पुरुष मैराथन के लिए दो घंटे, 15 मिनट, 04 सेकंड के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से हासिल कर दिया।




महिलाओं के वर्ग में हालांकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी 2:31:52 के एशियाई क्वालीफाइंग मार्क को हासिल नहीं कर पाई। महिला वर्ग में ठाकुर निर्मबेन (02:41:15) ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने भागीरथी (02:43:28) और अश्विनी जाधव (02:56:59) को पीछे छोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता प्राप्त इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 31 देशों और 490 शहरों के 30,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

## रियाल मैड्रिड हारा, विनिसियस जूनियर ने दागा शानदार गोल

स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट




**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियाल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक जबकि बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी जीता आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

इंग्लिश प्रीमियर लीग



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। मैनचेस्टर सिटी में इस जीत से आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। इन दोनों टीमों के बीच अब केवल दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 27 मैच में 58 और मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 56 अंक हैं। न्यूकैसल के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली ने दोनों गोल किए। इस तरह से मैनचेस्टर सिटी ने अपने अजेय अभियान को पांच मैच तक पहुंचा दिया है। मैनचेस्टर सिटी ने तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है, जिसने लीड्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## मेस्सी का जादू, 75 हजार से अधिक दर्शकों से भरा स्टेडियम

एमएलएस कप



लॉस एंजिल्स। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिल्स एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिजियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।






## NH-45 पर रेल ओवरब्रिज ढहा, बड़ा हादसा टला

# जबलपुर-भोपाल आवागमन पूरी तरह बंद

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-45) पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शहपुरा-भिटोनी के पास स्थित रेल ओवरब्रिज अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के बाद तत्काल प्रभाव से मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय पुल के ऊपर या नीचे कोई वाहन नहीं था, जिससे जनहानि टल गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### कुछ ही वर्षों में जर्जर हुआ पुल

स्थानीय लोगों के अनुसार यह रेल ओवरब्रिज महज कुछ वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हुआ था, लेकिन कम समय में ही इसकी स्थिति खराब होने लगी थी। रविवार दोपहर अचानक पुल का एक बड़ा हिस्सा ढह गया और देखते ही देखते पूरी संरचना मलबे में तब्दील हो गई। पुल गिरने से आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए।

### मरम्मत के दौरान खुली सुरक्षा व्यवस्था की पोल

जानकारी के मुताबिक, पुल के एक हिस्से में पहले से दरारें और क्षति देखी गई थी, जिसके चलते मरम्मत कार्य चल रहा था। प्रशासन ने सुरक्षा के नाम पर पुल के एक हिस्से को बंद कर दिया था, लेकिन दूसरे हिस्से से भारी वाहनों की आवाजाही जारी रही। इसी बीच शेष हिस्सा भी अचानक गिर गया, जिससे निर्माण एजेंसी और प्रशासन की लापरवाही उजागर हो गई।

### यातायात डायवर्ट, जांच के आदेश संभावित

प्रशासन ने मौके को सील कर वैकल्पिक मार्गों से यातायात डायवर्ट कर दिया है। साथ ही पूरे मामले की जांच के संकेत दिए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं, जिनका जल्द समाधान आवश्यक है।

### भ्रष्टाचार के आरोपों ने पकड़ा जोर

घटना के बाद सियासी माहौल भी गर्मा गया है। कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने मौके का जायजा लेकर इसे भ्रष्टाचार का परिणाम बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस पुल को सुरक्षित बताया जा रहा था, वह अपनी निर्धारित उम्र से पहले ही कैसे ढह गया। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### स्थानीयों में आक्रोश, जांच की मांग तेज

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था और इसकी शिकायतें पहले भी की गई थीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज किया। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

---

## पुलिसकर्मी समेत तीन घायल, आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त

# नशे में धुत चालक का कहर

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के ओमती थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार और नशे में धुत एक कार चालक ने जमकर उत्पात मचाया। इनकम टैक्स चौक के पास हुई इस घटना में एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोग घायल हो गए, जबकि करीब आधा दर्जन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार जब्त कर ली है।



### तेज रफ्तार ने मचाई तबाही

पुलिस के अनुसार, स्नेहनगर मदनमहल निवासी राहुल प्रताप सिंह (42) ने शिकायत दर्ज कराई कि वह रविवार देर रात करीब 11:55 बजे अपने मित्रों के साथ इनकम टैक्स चौक पर पान खाने गया था। उसने अपनी कार (एमपी 20 जेडपी 5560) सड़क किनारे खड़ी की थी। उसी दौरान एक लाल रंग की एमजी हेक्टर (एमपी 53 सीए 9214) तेज गति से आई और अनियंत्रित होकर उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी।

### 40 फीट तक घिसटी कार

टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल की कार करीब 40 फीट दूर घूमते हुए सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची। इसके बाद अनियंत्रित कार ने वहां खड़ी अन्य गाड़ियों को भी टक्कर मार दी। कई दोपहिया वाहन घसीटते हुए दूर तक चले गए, एक मोटरसाइकिल कार के नीचे फंस गई, जबकि अन्य वाहन सड़क से दूर जा गिरे।

### लापरवाही पर कार्रवाई, जांच जारी

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लापरवाही और नशे में वाहन चलाने का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। साथ ही क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### नाबालिग समेत दो युवक घायल, पुलिसकर्मी भी चपेट में

घटना के दौरान मौके पर मौजूद प्रहलाद (करीब 14-15 वर्ष) और साहिल चौकसे को चोटें आईं। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी चालक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी आदित्य कौरव को भी टक्कर मार दी, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नशे में धुत मिला चालक

हादसे के बाद जब चालक कार से बाहर निकला तो वह अत्यधिक नशे की हालत में पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनुराग सोनी (30), निवासी कुडारी उमरिया, थाना बरेला बताया। टक्कर के कारण कार के एयरबैग खुल गए थे।

---

## भरण-पोषण देने से कतरा रहे पति को हाई कोर्ट से झटका

# शिक्षित पत्नी भी गुजारा भत्ते की हकदार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उचच न्यायालय के न्यायाधीश अवनीन्द्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने रीवा निवासी एक पति की भरण पोषण को लेकर दायर उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उसने तर्क दिया था कि उसकी पत्नी एमए पास है और खुद कमा सकती है। अपने आदेश में न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पत्नी का उच्च शिक्षित होना पति को उसकी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता। उक्त मत के साथ एकलपीठ ने मामले में फैमिली कोर्ट के भरण-पोषण के आदेश को बरकरार रखा। मामले की सुनवाई के दौरान जब पति कमल की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी पूनम ने राजनीति विज्ञान में मास्टर डिग्री हासिल की है और वह नौकरी कर सकती है। इस पर न्यायालय ने पूछा, कि क्या आप चाहते हैं कि एक पढ़ी-लिखी महिला गुजारा भत्ते के इंतजार में सड़क पर भीख मांगे? न्यायालय ने कहा कि महज डिग्री होना भरण-पोषण से वंचित करने का आधार नहीं हो सकता। एकलपीठ ने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री होने मात्र से नौकरी मिलना आसान नहीं है। अगर पत्नी अपने स्वाभिमान के लिए छोटा-मोटा काम कर भी रही है, तब भी पति अपनी कानूनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इस मत के साथ न्यायालय ने पैमली कोर्ट रीवा के आदेश को बरकरार रखते हुए कमल की याचिका खारिज कर दी। प्रकरण के मुताबिक यह विवाद जून 2021 में हुई शादी के बाद शुरू हुआ था, जिसमें पत्नी ने ससुराल वालों पर एफआईआर दर्ज कराई थी और अलग रहने लगी थी। इस मामले में रीवा की फैमिली कोर्ट ने 27 मई 2024 को पति को आदेश दिया था कि वह अपनी पत्नी को हर महीने 6 हजार रुपये गुजारा भत्ता दे। उच्च न्यायालय ने इस आदेश को पूरी तरह न्यायसंगत बताते हुए पति को हर माह तय राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

---

## फरार आरोपियों को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तार

# जबलपुर फर्जी पासपोर्ट कांड में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि जबलपुर।

विगत वर्ष जुलाई में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) जबलपुर द्वारा उजागर किए गए फर्जी पासपोर्ट मामले में जांच तेज करते हुए एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। अफगानी नागरिकों को भारतीय दस्तावेज दिलाकर पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है।

इस प्रकरण में पहले अफगानी नागरिक सोबत खान के साथ उसके सहयोगी दिनेश गर्ग, चंदन सिंह ठाकुर तथा कोलकाता से अफगानी नागरिक इकबाल और अकबर खान को गिरफ्तार किया गया था।

अब ATS ने मामले में फरार चल रहे सैयद अहमद, जियाउल रहमान, जफर खान, रज़ा खान और सुल्तान मोहम्मद को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार कराए और उन्हीं के आधार पर जबलपुर पते से भारतीय पासपोर्ट बनवाए। ATS आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं। मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### 25 तक मिली रिमांड

एटीएस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां पर अदालत ने 25 फरवरी तक की रिमांड मंजूर की है अब आरोपियों से पूछताछ के बाद एटीएस बड़ा खुलासा कर सकती है।

---

## अवैध वसूली करने होटल संचालक से की मारपीट

**जबलपुर।** रांझी थानान्तर्गत कल देर रात मेनरोड रांझी में कार से उतरे होटल संचालक को दो बदमाशों ने रूपए की मांग कर मारपीट की। होटल संचालक के रूपए देने से मना करने पर एक आरोपी ने चाकू निकालकर उसे धमकाने का प्रयास किया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। रांझी पुलिस ने बताया कि रक्षा नगर बड़ा पत्थर रांझी निवासी निहाल चौकसे भंवरताल गार्डन के समीप होटल चलाता है। कल रात लगभग साढे बारह बजे वह होटल बंद कर अपनी कार क्रमांक एमपी 20 जेएन 4462 से घर वापस लौट रहा था कार में होटल संचालक निहाल के अलावा उसका भाई दीपक चौकसे व दोस्त शिवम टैगोर भी सवार थे। निहाल ने अपनी कार रांझी मेनरोड स्थित पटवा किराना के सामने खड़ी की थी तभी एक्सेस क्रमांक एमपी 20 जेडयू 1346 से बापू नगर निवासी रोहन राजपूत व सूरज सोनकर आये और निहाल को धमकाते हुए बोले कि तुम्हारी होटल अच्छी चल रही है हमें हर हफ्ते एक हजार रूपए देने होंगे उसने रूपए देने से मना किया तो सूरज सोनकर ने चाकू निकालकर गाली-गलौज करते हुए निहाल को धक्का दे दिया एवं रोहन ने निहाल के साथ हाथपायी की। तभी निहाल के दीपक चौकसे व दोस्त शिवम के बीच बचाव करने पर आरोपी धमकाते हुए भाग गये।

---

## रात भर शादी में जागने के बाद सुबह झाड़ू लेकर दिखी फील्ड पर

# मोना स्वच्छता की असली नायिका

**जबलपुर।** कहते हैं कि जब इरादों में मजबूती और काम के प्रति समर्पण हो, तो थकान भी आड़े नहीं आती। कुछ ऐसा ही नजारा शहर में सुबह की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान देखने को मिला, जिसने न केवल निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार का दिल जीत लिया, बल्कि पूरे शहर के लिए एक सकारात्मक संदेश भी दिया। रोजाना की तरह निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार शहर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने सड़कों पर निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर एक महिला सफाई मित्र पर पड़ी जो पूरी तन्मयता से सड़क साफ कर रही थीं। खास बात यह थी कि वे अपनी नियमित ड्रेस में नहीं थीं। जब निगमायुक्त ने रुककर उनसे चर्चा की और ड्रेस के बारे में पूछा, तो जो जवाब मिला उसने सबको गौरवान्वित कर दिया।



### शादी से सीधे काम पर आई हूं सर जी

स्वच्छता नायिका मोना दीदी ने बेहद सादगी से बताया कि वे रात भर एक शादी समारोह में व्यस्त थीं। जैसे ही वहां से फ्री हुईं, घर जाकर आराम करने के बजाय उन्होंने अपने कर्तव्य को प्रधानता दी और सीधे अपनी 'बीट' पर सफाई के लिए पहुंच गईं। उनके पास वर्दी बदलने का भी समय नहीं था, क्योंकि उनके लिए शहर को साफ रखना पहली प्राथमिकता थी। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि सफाई के प्रति ऐसा जुनून ही हमारे शहर को नंबर वन बनाएगा। मोना दीदी जैसी कर्मठ नायिकाएं समाज के लिए असली प्रेरणा हैं जो 'कर्म ही पूजा है' की परंपरा को चरितार्थ कर रही हैं। इस मौके पर निगमायुक्त के साथ उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, संभागीय अधिकारी सागर बोरकर, सुदीप पटेल,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, अर्जुन यादव, पोला राव आदि के साथ सभी संबंधित मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240